


दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली।। सोमवार 22 जुलाई -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 283 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







## दिल्ली की सरकार चलने वाली नहीं, वो गिरने वाली है
## अखिलेश यादव ने ममता के मंच से साधा निशाना

**लखनऊ।** टीएमसी की शहीद दिवस रैली में शामिल होने के सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव रविवार 21 जुलाई को कोलकाता पहुंचे। इस दौरान अखिलेश यादव ने मंच से केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार लेकर बड़ा दावा किया। अखिलेश यादव ने कहा, 'दिल्ली की सरकार चलने वाली नहीं है। वो सरकार गिरने वाली है।'

अखिलेश यादव ने मंच से बोलते हुए कहा, 'जुल्म की खिलाफत में जो जान दांव पर लगाते हैं, वो इतिहास में शहीदों की तरह याद किए जाते हैं।' आज का दिन कार्यकताओं की शहादत को याद करने का दिन है। जो हमारे बीच के कार्यकर्ता नहीं रहे, शहीद हो गए हम उन्हें याद करते हैं। इस दौरान मंच बोलते हुए अखिलेश यादव ने टीएमसी प्रमुख और सीएम ममता बनर्जी की तारीफ भी की। अखिलेश यादव ने कहा कि पिछले चुनाव में मुझे याद है जब दीदी संघर्ष कर रही थीं, ममता दीदी के लिए मैंने दो लाइनें कही थीं कि, एक अकेली लड़ जाएगी।।जीतेगी और बढ़ जाएगी। मंच से बोलते हुए अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा, 'जब हम देश की राजनीति को देखते हैं तो आज की चुनौती बढ़ी है। सांप्रदायिक ताकतें षड्यंत्र रच रही हैं। जो सत्ता में लोग हैं और दिल्ली के इशारे पर जो लोग अलग-अलग जगहों पर बैठे हैं वो लगातार षड्यंत्र कर रहे हैं। मैं जानता हूं आपका जो साहस और बहादुर दीदी के साथ है वो हर षड्यंत्र का मुकाबला करने के लिए तैयार हैं।' इतना ही नहीं, अखिलेश यादव ने कहा, बंगाल में आपने भाजपा को पीछे छोड़ दिया।



### बीजेपी सरकार को चुनौती

अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि देश में सकारात्मक राजनीति का दौर आने वाला है। उन्होंने ममता बनर्जी की प्रशंसा करते हुए कहा, पिछले चुनाव में दीदी के पैर में चोट थी, लेकिन फिर भी उन्होंने चुनाव लड़ा और जीतीं। दीदी के पास ऐसे कार्यकर्ता हैं जो अपनी जान दे सकते हैं लेकिन परवाह नहीं करते। कार्यकर्ता ही किसी भी दल की नींव होते हैं। अखिलेश यादव ने देश के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए ममता बनर्जी का स्वागत किया और उनके कार्यों की सराहना की।

### 200 पार का सपना 70 पर टूटा

शहीद दिवस कार्यक्रम के दौरान तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद अभिषेक बनर्जी और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर निशाना साधने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अभिषेक बनर्जी ने कहा, जो लोग कह रहे थे कि इस बार 400 पार, वे केवल 240 पर ही ठहर गए। उन्होंने आगे कहा, जो लोग बंगाल में 200 पार करने का दावा कर रहे थे, उन्हें जनता और तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों ने 70 पर ही रोक दिया। अभिषेक बनर्जी ने बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा, बीजेपी के पास ईडी, सीबीआई, आईटी जैसी सभी एजेंसियां हैं, लेकिन तृणमूल कांग्रेस के पास जनता जनार्दन और समर्पित कार्यकर्ता हैं। उनके इस बयान से उन्होंने यह स्पष्ट किया कि तृणमूल कांग्रेस की ताकत जनता के समर्थन में है और उन्होंने बीजेपी को चुनौती दी।

## इस बार बदल जायेगा कविनगर की रामलीला के मंचन का अंदाज

### ललित जायसवाल का नया प्रयोग भायेगा जब रोज होगा रावण वध

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कई बार किसी आयोजन को किसी परम्परा को एक चेहरा भी अपने विजन से बदल देता है। यहां बात कविनगर रामलीला की हो रही है और इस रामलीला कमेटी के अध्यक्ष तथा सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल का जिक्र है। ललित जायसवाल के बारे में ये कहा जाता है कि वो योग दिवस से लेकर मतदाता दिवस तक एक नूतन शैली लाते हैं। उसे रोचक बनाते हैं और उसकी कनैक्टिविटी जनता के साथ जोड़ देते हैं। कविनगर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष के रूप में भूमि पूजन से लेकर रामलीला के मंचन तक उनका विजन नजर आता है। जब भूमि पूजन होता है तो यहां शहर के प्रतिष्ठित लोग आते हैं और उन सभी को भोजन प्रसाद मिट्टी के बर्तनों में परोसा जाता है। परम्परा स्टील के बर्तनों की भी है और संदेश प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण का दिया जाता है। शुरूआत रामलीला के घर से होती है और इसका असर पूरे रामलीला मेले पर दिखाई देता है। ये एक वजह है कि कविनगर की रामलीला का मेला, कविनगर रामलीला का मंचन पूरे यूपी में चर्चित है। ये रामलीला उत्तरप्रदेश की महत्वपूर्ण रामलीलाओं में गिनी जाती है और वेस्ट यूपी की बेस्ट रामलीला मानी जाती है। वजह भी यह है कि यहां परम्परा और आधुनिकता का संगम है। तकनीक का प्रयोग होता है लेकिन आस्थाओं के साथ कोई समझौता नहीं होता है। बताया जाता है कि इस बार भी रामलीला के अध्यक्ष ललित जायसवाल एक नए प्रयोग के साथ आ रहे हैं। ये प्रयोग ऐतिहासिक होने जा रहा है। कविनगर की रामलीला एक ऐसी रामलीला होगी जहां रावण का वध रोजाना होगा। बताया जाता है कि यह तकनीक और संस्कृति परम्पराओं से जुड़ा एक अनूठा कार्यक्रम होगा। रोजाना तीन घंटे की रामलीला होगी और रामलीला का ये मंचन एक फिल्म की तरह होगा। इसके पीछे तक भी यह दिया गया है कि कई बार लोग मेला घूमने के साथ साथ रामलीला भी देखने आते हैं और उनके लिए पूरी रामलीला रोज देखने आना संभव नहीं हो पाता। ऐसे में ये एक नया प्रयोग इस कमी को पूरा करेगा। रोजाना रामलीला का मंचन होगा और रोजाना ही यहां नए प्रयोग के साथ रावण का वध होगा।

**रोजाना चलेगा 3 घंटे संपूर्ण शो**








# मिट्टी से भरा डंपर कवि नगर रामलीला मैदान के मुख्य गेट से टकराया, सालों पुराना मुख्य द्वार गिरा

## रही गनीमत हादसे में नहीं आई किसी को चोट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रविवार को कवि नगर रामलीला मैदान में एक हादसा हो गया। हादसा इतना जोरदार था कि कवि नगर रामलीला मैदान का सालों पुराना मुख्य द्वार टूटकर नीचे गिर गया। इस दौरान मुख्य गेट का ऊपर का हिस्सा टूटने की वजह से मिट्टी से भरा डंपर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत यह रही कि डंपर में सवार चालक सुरक्षित रहा जबकि डंपर का क्लीनर कुछ देर पहले ही नीचे उतर गया था। बताया जा रहा है हादसा सुबह के वक्त हुआ।

मिट्टी से भरा डंपर अंदर से मिट्टी लेकर मुख्य गेट से बाहर निकल रहा था। इसी दौरान वह मुख्य द्वार के ऊपरी हिस्से से टकरा गया। जिससे वह भरभरा कर गिर गया। उधर रामलीला समिति कवि नगर के पदाधिकारियों का कहना है कि जल्द ही इसका नए सिरे से निर्माण कराया जाएगा।



बता दें की कवि नगर रामलीला मैदान में मुख्य मंच और उसके पीछे के कक्ष बनने का काम चल रहा है। इसी दौरान एक डंपर में मिट्टी भर कर रामलीला मैदान से बाहर ले जाए जा रही थी। सुबह के वक्त मिट्टी से भरा डंपर जैसे ही रामलीला मैदान कवि नगर के मुख्य गेट पर पहुंचा तो यह सालों पुराने बने यहां के प्रवेश द्वार से टकरा गया। जिसके बाद वह क्षतिग्रस्त होकर नीचे गिर गया। इस दौरान हादसा होने के दौरान गनीमत रही की कोई उसकी चपेट में नहीं आया। रामलीला मैदान का टूटा हिस्सा देखकर और डंपर क्षतिग्रस्त हालत में खड़ा होने की वजह से जो भी दोपहर तक वहां से निकाला वह रुक गया और हादसे को देखता रहा।

## खड़गे के नेतृत्व में प्रगति के पथ पर कांग्रेस : अजय राय

**लखनऊ।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के जन्मदिन के मौके पर सोमवार को पार्टी के तमाम नेता और कार्यकर्ता उन्हें बधाई दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने लखनऊ कार्यालय में पार्टी अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया गया। बड़ी संख्या में पार्टी के तमाम नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने खड़गे को बधाई देते हुए पार्टी में उनके योगदान की चर्चा की। उन्होंने कहा जब से मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी की कमान संभाली है, पार्टी की प्रगति और उन्नति हो रही है। उनके नेतृत्व में हम आने वाले दिनों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। अन्य मुद्दों पर बात करते हुए कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानों के सामने मालिक और काम करने वालों के नाम लिखने के आदेश को उन्होंने गलत बताया।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इससे पहले भी कांवड़ यात्रा हुई, लेकिन तब कहीं ये बातें सामने नहीं आईं। लोग एक-दूसरे की मदद करते थे, यह पूरी तरह से समाज के आपसी सौहार्द को खराब करने वाली बात है। यह आदेश वापस लेना चाहिए।

## रोटरी गाजियाबाद मिड टाउन ने 1600 पेड़ों का वितरण कर लोगों को पौधारोपण के लिए किया जागरूक

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** रविवार को डायमंड पैलेस के बाहर फ्लाई ओवर की मुख्य सडक पर प्रातः 10 बजे से एक नई पहल रोटरी गाजियाबाद मिड टाउन द्वारा राह चलते हुए लोगों को 1600 पेड़-पौधों का वितरण किया गया। रोटरी मिड टाउन के अध्यक्ष रोटेरियन उमेश चोपड़ा ने कहा आम जनता को उपहार देकर लोगों में वृक्षारोपण के लिए जागरूकता और देश एवं समाज के लिए पेड़ लगाना यह हम सभी का कर्तव्य है इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमें छाया प्रदान करते हैं, प्राणवायु प्रदान करते हैं, फल- फूल -औषधि ,जन्म से लेकर मृत्यु तक उपयोग के लिए लकड़ी प्रदान करते हैं। वर्षा के जल को मिट्टी में संरक्षित करते हैं मिट्टी के कटाव को रोकते हैं। वातावरण को शुद्ध करते हैं। पशु- पक्षियों के रहने का आसार बनते हैं। भयंकर गर्मी और सर्दी को नियंत्रित करते हैं। वृक्षारोपण से तनाव कम होता है। हरे -भरे स्थान से हम उत्साह और खुशी में परिपूर्ण रहते हैं। किसी खास स्थान पर पेड़ लगाकर हम जीवन को यादगार बना सकते हैं। यह आध्यात्मिक मूल्यों को दर्शाता है साथ ही समाज को सांस्कृतिक रूप से जोड़ता है। इसलिए वृक्षारोपण बहुत जरूरी है और इन आयोजनों में बढ़- चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए और अपने परिवार के सदस्यों के जन्मदिन पर एक -एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए एवं उसकी देखभाल भी अवश्य करनी चाहिए जिससे वह आपके लिए यह लम्हा यादगार बन सके। इस अवसर पर जो पेड वितरित किये गये उनमें सागवान, शीशम, अर्जुन, कचनेर,जंगल जलेबी, ईमली,श्यामल,बकायन, अमला व पापडी आदि के प्रमुख रूप से थे।



डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन प्रशांत राज शर्मा ने कहा कि सभी को एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन जयकुमार अग्रवाल का भी यही कहना था। इस अभियान में रोटरी मिडटाउन के सेक्रेटरी रोटेरियन मनोज माकड़, कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल एवं प्रोजेक्ट संचालक रोटेरियन प्रवीण गुप्ता, अतुल ठाकुर सहित सभी सदस्यों ने हिस्सा लिया। चीफ वार्डन सिविल डिफेंस ललित जायसवाल ने इस अभियान में 500 वृक्ष भेज कर बेहद शानदार कार्य किया जिसकी अध्यक्ष उमेश चोपड़ा ने उनकी सराहना की।

# स्वामी चक्रपाणि महाराज का हिंदू संत महासभा के कार्यकर्ताओं ने किया गुरु पूजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रविवार को अखिल भारत हिंदू महासभा संत महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि महाराज का नई दिल्ली केंद्रीय कार्यालय हिंदू महासभा भवन नई दिल्ली पर गुरु पूजन अभिनंदन किया। डॉक्टर इंदिरा तिवारी, राष्ट्रीय महामंत्री, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजय कृष्ण पांडे तथा काशी से आए हुए श्रीकांत पांडे, केंद्रीय कार्यालय मंत्री पंडित दीपक शास्त्री ने साथ हवन पूजन किया। इस अवसर पर हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉक्टर बीके शर्मा हनुमान ने संचालन करते हुए कहा कि हमें गर्व है कि स्वामी चक्रपाणि महाराज हम सबके पूज्य गुरुदेव हैं। स्वामी चक्रपाणि महाराज का जीवन हिंदुत्व सनातन धर्म के लिए समर्पित है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल भी अपनी धर्म पत्नी और सचिव कमल और बालकृष्ण शर्मा के साथ स्वामी चक्रपाणि महाराज को फूलमाला और पटका पहनाकर आशीर्वाद लिया। स्वामी चक्रपाणि महाराज ने इस अवसर पर सभी को ध्यान भी कराया। अपने संबोधन स्वामी ने सबको मंगल कामना आशीर्वाद दिया। वहीं बीजेपी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल ने कहा कि यह देश कभी विश्व गुरु रहा है हम किसी भी कीमत पर धर्म और आस्था के साथ समझौता नहीं कर सकते। उन्होंने उत्तर प्रदेश में कावड़ियों के लिए दुकानदारों के नाम उजागर करने की योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि किसी कीमत पर हम धर्म आस्था के साथ खिलवाड़ नहीं होना देंगे। भारत विश्व गुरु बनने वाला है जिसमें स्वामी चक्रपाणि महाराज जैसे संतों का आशीर्वाद बहुत जरूरी है। इस अवसर पर तमिलनाडु संत महा सभा अध्यक्ष स्वामी राम तमिलनाडु ,कर्नाटक से मनोज एलंगल, हरियाणा से जगविजय और भुवनेश्वर शर्मा तथा ग्रेटर नोएडा से अजय लाल एवं दिल्ली के मुकेश सिन्हा तथा ग्रेटर नोएडा से प्रमुख समाजसेवी अशोक श्रीवास्तव राजेश श्रीवास्तव, जनसंसद से दीनानाथ,योगेंद्र सिंह भदोरिया और मेरठ से शशि पिंटू राणा ने भाग लिया और सभी ने स्वामी चक्रपाणि जी महाराज का स्वागत पूजन अभिनंदन किया। अंत में प्रदेश अध्यक्ष विजय कृष्णा पांडे ने सभी को आभार और धन्यवाद दिया। इस अवसर पर विशेष भंडारे का भी आयोजन था जिसमें हजारों लोगों उपस्थित हुए।



# गाजियाबाद में दो एनकाउंटर, तीन बदमाशों को लगी गोली

**एनसीआर में लूटपाट करते थे कानपुर के क्रिमिनल, एक दिन में दो महिलाओं को लूटा**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में शनिवार रात दो स्थानों पर पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़ हुई।

इसमें तीन बदमाश गोली लगने से घायल हुए। इन बदमाशों के खिलाफ आसपास के थानों में लूट-चोरी के दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। इसमें दो बदमाश ऐसे हैं, जो कानपुर छोड़कर दिल्ली में रहते थे और ठउफमें लूटपाट की घटनाएं करते थे।





### दो महिलाओं से चेन लूटी थी

एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया, गाजियाबाद के वसुंधरा इलाके में 17 जुलाई को एक महिला से बाइक सवार दो बदमाशों ने चेन लूट ली थी। इस मामले में थाना इंदिरापुरम पर मुकदमा दर्ज किया गया और बदमाशों की तलाश शुरू की गई। इसी दिन बाइक सवार दो बदमाशों ने अभयखंड में भी एक बुजुर्ग महिला से कुंडल और चेन लूट ली।

### कानपुर-उन्नाव में दर्ज हैं दर्जनों मुकदमे

शनिवार देर रात पुलिस टीम कनावनी पुलिया वसुंधरा चौकी के पीछे चेकिंग कर रही थी। तभी दो अभियुक्त स्पलेंडर बाइक पर आते दिखाये दिये।

पुलिस टीम इन्हें रुकने का इशारा किया तो मुड़कर कनावनी पुल से कांवड़ मार्ग पर फायरिंग करके भागने लगे। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं। इसमें दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। घायल बदमाशों की पहचान अतिरिषि उर्फ अप्पू और मनोज चतुर्वेदी निवासी कानपुर के रूप में हुई। दोनों ने लूट की दोनों घटनाएं कुबूली हैं। आरोपियों से 10 हजार रुपए, एक कुंडल, दो तमंचे, कारतूस बरामद हुए हैं।

एसीपी ने बताया कि दोनों आरोपी कानपुर से दिल्ली आकर रह रहे थे और NCR में लूटपाट की घटनाएं करते थे। इनके खिलाफ कानपुर व उन्नाव में हत्या, लूट के प्रयास में एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

### ट्रोनिका सिटी में भी हुई मुठभेड़

गाजियाबाद में दूसरी मुठभेड़ ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र के खानपुर तिराहा पर हुई। यहां भी गोली लगने से एक बदमाश घायल हुआ। जिसकी पहचान गौरव निवासी बागपत के रूप में हुई। इससे बिना नंबर की एक बाइक और तमंचा बरामद हुआ है।


## न्यूज डायरी

### स्वाधीनता संग्राम सेनानी मसूरियादीन पासी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महिला महानगर कांग्रेस कमेटी गाजियाबाद द्वारा 21 जुलाई रविवार को प्रसिद्ध स्वाधीनता संग्राम सेनानी एवं कांग्रेस सांसद मसूरियादीन पासी की पुण्यतिथि कल्लूपुरा गाजियाबाद में मनाई गई। महिला महानगर कांग्रेस कमेटी गाजियाबाद की अध्यक्ष सोनल नागर ने समाज के सभी साथियों के साथ उनको पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर महिला महानगर अध्यक्ष सोनम नागर, कशिश गुज्जर, कामाक्षी, सीमा, वर्षा, अनिता, दीपा, रेखा एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### कनावनी में एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधरोपण



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पौधरोपण अभियान के तहत कनावनी गांव में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के इंदिरापुरम अध्यक्ष प्रवीण नगर के नेतृत्व में 60 पौधे रोपे गए। इस दौरान अजीत प्रजापति, अनिल अहिरवार, लक्ष्मण मौजूद रहे। प्रवीण नागर ने बताया कि शुद्ध वातावरण बनाने के लिए मां के नाम एक पौधे लगाया गया। जिसके बाद जिससे यह संदेश दिया गया कि वर्तमान में शुद्ध वातावरण एवं प्रदूषण को रोकने के लिए अपने आसपास के क्षेत्र में जरूर करें जिससे समाज का कल्याण हो सके।

### पूर्वांचल छठ पूजा समिति का गठन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को वैशाली में पूर्वांचल वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पूर्वांचल छठ पूजा समिति के पुनर्गठन पर चर्चा हुई, जिसमें सर्व सहमति से निम्न पदाधिकारियो का चयन किया गया। अध्यक्ष नागेंद्र मिश्रा, महासचिव सुभाष सिंह, कोषाध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा,सह कोषाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, उपाध्यक्ष ऋषभ कुमार सिंह व सह महासचिव नंद सिंह यादव को चुना गया।

### वृक्ष लगाओ जीवन बचाओ



**लोनी करंट क्राइम।** आज भारत सिटी में उप जिलाधिकारी लोनी निखिल चक्रवर्ती जी साथ में भारतीय किसान यूनियन (अजगर) के प्रदेश अध्यक्ष सचिन शर्मा और थाना प्रभारी टीला मोड़ करतार सिंह जी सभी के साथ अनेक प्रकार के सैकड़ो पेड़ पौधे लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए एक प्रयास किया गया है मौके पर उप जिलाधिकारी निखिल चक्रवर्ती जी प्रदेश अध्यक्ष सचिन शर्मा टीला मोड़ प्रभारी टीला करतार सिंह जी का इस मौके पर स्वागत किया गया। उप जिलाधिकारी लोनी निखिल चक्रवर्ती जी ने कहा चरित्र एक वृक्ष है और सम्मान एक छाया, हम हमेशा छाया की सोचते हैं, लेकिन छाया तो तब मिलेगी जब वृक्ष अच्छा हो वृक्ष हमें बहुत कुछ देते भी हैं और सिखाते भी हैं वृक्ष लगाओ जीवन बचाओ इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सचिन शर्मा ने कहा हमें वृक्षारोपण के महत्व को समझना है और अपनी समझदारी से कार्रवाई करनी है। एक वृक्षारोपण व वृक्ष संरक्षण करना है और अपने दो साथियों से एक- एक वृक्ष को रोपने व संरक्षण करने का संकल्प लेना हैं.इस वन महोत्सव के अवसर पर, हम सब मिलकर अपने पर्यावरण के प्रति अपनी संवेदनशीलता दिखाएं और एक स्वस्थ और वृद्धिशील भविष्य की दिशा में अपना योगदान दें। सभी के लिए पौधारोपण करना और उसे बचाना बेहद जरूरी है। पौधे प्रकृति में मौजूद सभी तत्वों के बीच संतुलन बनाए रखकर हमारे जीवन में एक बड़ी भूमिका निभाते है। इस मौके पर इस मौके पर डॉ. उपमा शर्मा, भारती ग्रोवर, भावना वर्मा, पूनम कांत, डॉ. प्रकृति सिन्हा, जय ठाकुर, सतेंद्र तोमर, अनिरुद्ध जैन डॉ रणवीर सिंह डॉक्टर पहलाद चौधरी आरती शर्मा योगेश वर्मा नेत्रपाल सिंह सुशांत चौधरी विपुल चौधरी सौरभ चंदेला सुभाष प्रजापति पंकज रोबिन। आदि उपस्थित रहे।

# डॉ. पवन सिन्हा के आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव सम्पन्न

## गुरु बिन पूर्णता नहीं, मेरी पीठ पर उनका हाथ मेरी सबसे बड़ी ताकत है : डॉ. पवन सिन्हा







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गुरू एक ऐसा शब्द है जिसमें मनुष्य जीवन से लेकर पूरा ब्रह्मांड तक समा जाता है। स्वयं भगवान ने भी इस शब्द को सर्वोपरि मानकर गुरु को सम्मान दिया है। गुरु-शिष्य परंपरा का निर्वहन करते हुए, गुरु की महिमा का गुणगान और उनके प्रति अपनी भावांजलि अर्पित करते हुए रविवार को गाजियाबाद के हिसाली गांव स्थित पावन चिंतन धारा आश्रम में गुरु प्रो. पवन सिन्हा के सान्निध्य में गुरुपूर्णिमा का उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। पावन चिंतन धारा आश्रम में गुरु पूर्णिमा उत्सव की शुरूआत धरा सेवा से हुई। श्रीगुरु का मानना है कि सेवा और भक्ति से ईश की प्राप्ति होती है और धरा सेवा, प्रकृति का संरक्षण और पल्लवन बहुत महत्वपूर्ण है। शिव सेवा धरा सेवा मुहिम का शुभारंभ करते हुए श्रीगुरु और श्रीगुरु मां डॉ. कविता अस्थाना ने आश्रम प्रांगण में गुड़हल, आम, जामुन, बेलपत्र, पीपल, गुलमोहर , नीम, बरगद, अनार आदि के पौधे लगाए। इसके साथ साथ उन्होंने गुरू दीक्षा और गुरू मंत्र में अंतर को स्पष्ट किया और कहा कि गुरू अपनी इच्छा से शिष्य का चुनाव करता है और उसको आने वाले कल के लिए तैयार करता है, जिससे वह राष्ट्र सेवा, देश सेवा कर सके। इसलिए संशयात्मक बुद्धि को दूर करके गुरू और ईष्ट को समर्पित होकर उनके पथ पर चलने का प्रयास करना चाहिए। अंत में उन्होंने सभी बच्चों, युवाओं और वृद्धजनों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप सभी में शक्तियां हैं, उन शक्तियों को जाग्रत करें और देश सेवा में समर्पित हो जाएं। गुरु महिमा से ओत प्रोत भजनों ने समां बांध दिया और सभी ने गुरु दर्शन किए और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया ! गुरुकृपा ही भगवदकृपा के समान है जो मनुष्य को सुख, सौभाग्य प्रदान करती हैं। गुरुपूर्णिमा उत्सव पर आश्रम में देश के अलग अलग हिस्सों, सुदूर क्षेत्रों से भक्तगण आए थे। साथ ही इस अवसर पर अनेक गणमान्य अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति रही। गौरतलब है देश के विभिन्न राज्यों - मुंबई, पूना, नागपुर, जयपुर, बनारस, सूरत, अमृतसर, मेरठ, दिल्ली, लखनऊ, गाजियाबाद, गुडगांव आदि शहरों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में आश्रम में उपस्थित रहे।

## लोनी अंकुर विहार थाना प्रभारी ने की कांवड़ शिविर आयोजकों के साथ समन्वय बैठक



**लोनी करंट क्राइम।** पवित्र सावन माह में लगने वाले काँवड़ शिविरों में सतर्कता बरतने जैसे सम्बंधित कार्य एवं सभी शिवभक्त कांवड़ियों के लिए जरूरी सुविधाओं को उपलब्ध कराने के हेतू थाना अंकुर विहार लोनी प्रभारी श्री रामगोपाल द्वारा एक समन्वय बैठक आयोजित की गयी। जिसमे अंकुर विहार थाना क्षेत्रान्तर्गत आने वाले सभी काँवड़ शिविर आयोजकों के साथ समन्वय वार्ता कर कहा कि सभी शिविरों में शिवभक्त कांवड़ियों के लिए जरूरी सुविधाएं होनी चाहिए। किसी भी आपात कालीन स्थिति में आप तुरंत प्रशासनिक अधिकारियों से सम्पर्क करें। प्रशासन आपकी समस्याओं को दूर करने के लिए हर सम्भव प्रयास करेगा। अपने थाना के अंतर्गत आने वाली सभी पुलिस चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया कि काँवड़ शिविरों का विशेष ध्यान रखा जाए। किसी भी कांवड़िए को कोई समस्या नही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं स्वंय प्रतिदिन समय समय पर काँवड़ शिविरों का निरीक्षण करूंगा। बैठक मे मौजूद रहे रवि धामा जिला उपाध्यक्ष भाजपा ओबीसी गाजियाबाद ने कहा कि सभी काँवड़ शिविर आयोजक कर्ता आपस एक समन्वय बनाकर शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा करे। उन्हें किसी भी तरह की समस्या ना हो इसे ध्यान में रखते हुए कार्य करें। आने वाली 2 तारीख को महाशिवरात्रि का पावन पर्व है जिसमे सभी शिवभक्त भगवान देवाधिदेव महादेव के शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे और उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इस बैठक में खन्ना नगर चौकी इंचार्ज श्री यश चौधरी, डाबर तालाब चौकी इंचार्ज श्री धर्मेंद्र अधाना, डी एल एफ चौकी इंचार्ज नरेन्द्र कुमार, लोनी नगरपालिका परिषद के पार्षद प्रवीण भाटी, भाजपा नेता श्री गौरव कसाना, अनिल उपाध्याय सहित दर्जनों शिवभक्त उपस्थित रहे।

## अलवर में मथुरा-अलवर ट्रैक पर मालगाड़ी के तीन वैगन पटरी से उतरे



**अलवर।** घटना यार्ड से फर्टिलाइजर खाली करके निकलने के 2 मिनट बाद ही हो गई। यार्ड से केवल 300 से 400 मीटर दूर ही मालगाड़ी पहुंची थी, तभी पटरी से उतर गई।

अलवर रेलवे जंक्शन से करीब 1.5 KM और अलवर यार्ड से करीब 300 मीटर दूरी पर मथुरा-अलवर ट्रैक पर मालगाड़ी के तीन वैगन रात करीब ढाई बजे पटरी से उतर गए। ये घटना यार्ड से फर्टिलाइजर खाली करके निकलने के 2 मिनट बाद ही हो गई। यार्ड से केवल 300 से 400 मीटर दूर ही मालगाड़ी पहुंची थी, तभी पटरी से उतर गई। रात को ही रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। सुबह करीब साढ़े 9 बजे तक रिलीफ का काम जारी था। 200 अधिकारी और कर्मचारी लगे ADRM ने बताया कि मालगाड़ी अलवर यार्ड की तरफ से आ रही थी। अचानक मालगाड़ी के तीन वैगन पटरी से उतरे। उसके तुरंत बाद जयपुर, अलवर और आसपास की टीमें पहुंच गई थीं। अभी जांच पूरी चल रही है। उसके बाद पटरी से उतरने के कारणों का पता चल सकेगा। अभी रिलीफ में 150 से 200 से अधिक कर्मचारी अधिकारी लगे हुए हैं। यहां ब्रांच ऑफिसर, सिग्नल, इंजीनियरिंग सेक्शन के सब तुरंत पहुंच गए थे। ट्रेनें अधिक प्रभावित नहीं एडीआरएम नरेश गोयल ने बताया कि इस ट्रैक पर रात को कोई गाड़ी नहीं थी। इस कारण ट्रेनों का रूट बदलने की जरूरत नहीं पड़ी।

## पार्षद राजीव भाटी ने किया विकास कार्य का उद्घाटन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 73 के पार्षद राजीव भाटी ने शनिवार को बी ब्लॉक की सर्विस लेन बी-161 बी-181 बी-182 से बी-202 के निर्माण का कार्य उद्घाटन किया। इस लेन का निर्माण कार्य शुरू होने से सभी निवासियों ने उत्साह के साथ पार्षद राजीव भाटी का आभार प्रकट किया । इस अवसर पर निलेश मित्तल, युग गुर्जर पार्षद प्रतिनिधि, आर पी सिंह, हरिदत्त, नीरज त्यागी, नवनीत शर्मा, अशोक सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



### गुरु पूर्णिमा पर भोपुरा मंडल अध्यक्ष डब्बी पहलवान ने मठ-मंदिरों में जाकर साधु-संतों से आशीर्वाद लिया, सम्मानित किया

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर भोपुरा मंडल अध्यक्ष डब्बी पहलवान ने कार्यकताओं के साथ में गुरूओं का सम्मान करने का कार्य किया। श्याम सिंह मार्किट स्थित शिव मंदिर के पुजारी बबलू व मोनू को फूलमालाओं से स्वागत कर पैर छूकर आशीर्वाद किया।



मंडल अध्यक्ष डब्बी कसाना ने कहा कि गुरुजन,साधु-संत व्यक्ति और समाज के पथ प्रदर्शक होते हैं। देश व राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है, इसलिए आज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पार्टी कार्यकर्ता पूरे मंडल में साधु संतों का अभिनंदन वंदन करते हुए आभार जताकर आशीर्वाद ले रहे हैं। इन अवसर पर मनोज कुमार, ब्रह्मपाल चंदेल, पप्पू कसाना, हिमांशु कसाना, राहुल साहा, ओपी गुप्ता, माखन, जितेंद्र सेन, ओमकार ठाकुर, बजरंगी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।


**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र MAANVIK GARG का जन्म प्रमाण पत्र के आवेदन में मेरे पुत्र का नाम DEV GARG दर्ज है जो घरेलू नाम है मेरे पुत्र का सही नाम MAANVIK GARG मानविक गर्ग दर्ज हो भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

अखिल कुमार गर्ग पुत्र सुरेश कुमार गर्ग
निवासी मकान नंबर 324 थाना टावर रोड,
न्यू डिफेंस कॉलोनी मुरादनगर, गाजियाबाद।

**संबंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र रहीसुद्दीन व उसकी पत्नी शाईस्ता को उनके गलत व्यवहार के कारण अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी नैतिक अनैतिक कार्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

प्रार्थीगण बजरुद्दीन पुत्र अब्दुल रहमान
निवासी- आर सी,713,
थाना- खोड़ा जिला- गाजियाबाद

**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद**
विकास पथ गाजियाबाद

**सार्वजनिक नोटिस**

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक/आवेदकों ने नीचे सारणी के स्तम्भ-3 में उल्लिखित सम्पत्ति, जो प्राधिकरण की आवासीय योजना के अन्तर्गत स्थित है, का अंतरण/नामान्तरण अपने नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है:-

| क्र0 सं0 | आवंटी/पट्टेदार का नाम | भूखण्ड सं0/योजना का नाम | आवेदक का नाम | आवेदक का पता एवं दूरभाष संख्या | नामान्तरण का आधार | पट्टाधृत/पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | श्री पन्ना लाल सिंघल पुत्र श्री बसन्त लाल | KB-127 कविनगर | श्री क्रिशन कुमार सिंघल पुत्र स्व. श्री पन्ना लाल | KB-127 कविनगर, गाजियाबाद 9910131073 | आवंटी श्री पन्ना लाल सिंघल की मृत्यु दि0 12.08.2017 को होने व पंजीकृत वसीयत दिनांक 07.02.1996 के आधार पर | फ्री-होल्ड |

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भूखण्ड के अन्तरण/नामान्तरण के विरूद्ध कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्तियां सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत कर सकते हैं, अन्यथा स्तम्भ-4 में अंकित व्यक्ति के नाम से सम्पत्ति का अन्तरण/नामान्तरण प्राधिकरण के अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा और कोई पश्चातवर्ती दावा, यदि कोई हो, ग्रहण नहीं किया जायेगा।

सहायक प्रभारी सम्पति, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






SS PATH LAB & DIAGNOSTIC CENTRE (Your Health is Our Priority)
Ultrasound ✚ Digital X-Ray
ECG ✚ Blood Tests
ब्लड टेस्ट पर 50% छूट
अल्ट्रासाउंड मात्र : ₹800/-
डिजिटल एक्स-रे मात्र : ₹250/-
ई.सी.जी. मात्र : ₹200/-
Lab Director : Dr. Sagar Kashyap (MBBS,MD)
Free Home Collection Facility Available
पता : सी-2, कचहरी रोड, आर.डी.सी. राजनगर, गाजियाबाद
0120-3501102, 9625609360



# सावन का पहला सोमवार आज, तैयारियों के बीच सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

## दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में भक्त करेंगे जलाभिषेक, सजाया गया बाबा का दरबार

### दूधेश्वर नाथ मंदिर पर होगा भोले बाबा का विशेष श्रृंगार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** आज सावन मास का पहला सोमवार है और सावन के पहले सोमवार के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर से लेकर सभी प्रमुख शिवालयों पर सुरक्षा के इंतजाम के साथ जलाभिषेक के दौरान किसी प्रकार की हड़बड़ी ना हो इसका प्रबंध किया गया है। रविवार की शाम एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार, एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी और थाना प्रभारी कोतवाली रवि बालियान ने पुलिस बल के साथ यहां का निरीक्षण किया और तैयारियों का अधिकारियों ने जायजा लिया। उधर सावन का पहला सोमवार होने की वजह से दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर की ओर जाने वाले सभी प्रमुख रास्तों पर रूट डायवर्जन कर दिया गया है। साथ ही बाहरी और व्यावसायिक वाहनों को नहीं आने जाने दिया जाएगा। प्राचीन दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में सावन के जलाभिषेक को लेकर तैयारियां की गई हैं। वहीं मंदिर के महंत नारायण गिरी ने बताया है कि भोले बाबा का सावन के प्रथम सोमवार की वजह से चारों पहर विशेष श्रृंगार किया जाएगा। उम्मीद है कि सावन के पहले ही दिन लाखों शिवभक्त जलाभिषेक करेंगे।



### कंट्रोल रूम और मंदिर की छत से होगी निगरानी

**करंट क्राइम ।** एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने रविवार की शाम दूधेश्वरनाथ मंदिर, इसके मार्ग और मंदिर परिसर में लगे कैमरों व कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जानकारी दी कि यहां 60 से अधिक सीसीटीवी मॉनिटरिंग के लिए लगाए गए हैं। मॉनिटरिंग का काम पुलिसकर्मियों के साथ ही सिविल डिफेंस और डीवीएफ के पदाधिकारी भी करेंगे। इसके साथ ही मंदिर के प्रवेश द्वार पर बैरिकेडिंग कर दी गई है। साथ ही महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग लाइन की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में लगे कैमरों की लाइव फीड भी अधिकारी देख पाएंगे।



### पुलिस कमिश्नर ने किया कांवड़ मार्ग का निरीक्षण

**करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में रविवार को पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र ने कांवड़ यात्रा के मद्देनजर कई प्रमुख कांवड़ मार्ग और स्थानों का निरीक्षण किया। वहां पुलिस द्वारा की गई तैयारियों और सुरक्षा का हाल जाना। इस दौरान सड़क पर बिजली के पोल पर लगाई गई पॉलिथीन, कैमरे और रूट डायवर्जन के लिए लगे फोटो और मानचित्र भी देखे गए हैं।

### सुरक्षा के लिहाज से बिजली के तार और ट्रांसफार्मर पर लगाई गई बल्लियां



**करंट क्राइम ।** बड़ी संख्या में भोले बाबा के भक्त मेरठ रोड, दिल्ली रोड और शहर के अन्य मार्गों से होकर गुजरते हैं। ऐसे में बारिश का सीजन भी है, सावन में बरसात अधिक होती है। बारिश के दौरान किसी प्रकार का हादसा ना हो, इसको ध्यान में रखते हुए नगर निगम, प्रशासन और पुलिस के द्वारा अलग-अलग स्थानों पर बिजली के खांभो पर पॉलिथीन चढ़ाई गई है ताकि करंट ना आए। वहीं सड़क पर जहां बड़े ट्रांसफार्मर लगे हैं ,पुलिस ने वहां चारों तरफ बल्लियां लगवा दी हैं ताकि यह दूर से ही नजर आए और कांवड़िए इसके आसपास ना जाएं। इसके साथ ही यहां सुरक्षा के लिहाज से खतरे वाले साइन बोर्ड भी लगा दिए गए हैं।

### बड़ी संख्या में लगाई गई हैं महिला-पुरुष पुलिसकर्मियों की ड्यूटी

**करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सावन का सोमवार आज है। सावन के सोमवार को लेकर दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में विशेष व्यवस्था की गई है। डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार सिंह ने जानकारी दी है कि कांवड़ यात्रा के मद्देनजर दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में सिटी जोन के एसीपी और बड़ी संख्या में निरीक्षक, उपनिरीक्षक सादे कपड़ों में महिला सिपाही व पुरुष सिपाहियों को सुरक्षा के लिहाज से ड्यूटी पर लगाया गया है। इसके साथ ही रूफ टॉप ड्यूटी और मंदिर की छत और आसपास के इलाकों में भी पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। मंदिर के मुख्य द्वार पर मेटल डिटेक्टर लगाया गया है। इसके साथ ही मंदिर में प्रवेश करने वाले लोगों पर निगरानी रखने के लिए अलग से पुलिसकर्मियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है।



### शहर के अन्य शिव मंदिर भी हुए जगमग

**करंट क्राइम ।** सावन मास की शुरूआत हो रही है, सावन का पहला सोमवार भी है। ऐसे में सावन के सोमवार के चलते शहर के प्रमुख दूधेश्वरनाथ मंदिर से लेकर कवि नगर के स्वयंभू शिव मंदिर, लोहिया नगर स्थित शिव मंदिर, गोविंदपुरम शिव मंदिर, राजनगर स्थित भोले बाबा मंदिर के साथ ही अलग-अलग स्थान के मंदिरों, मोहन नगर प्राचीन शिव मंदिर, इंदिरापुरम से लेकर साहिबाबाद के मंदिरों में भी सजावट साफ-सफाई का काम किया गया है।

### आज रहेगा मंदिर मार्ग पर रूट डायर्वजन

**करंट क्राइम ।** सावन के पहले सोमवार पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पहुंचेंगे। ऐसे में चौधरी मोड़ की ओर से हापुड़ तिराहा मेरठ तिराहा की ओर जाने वाले वाहनों को घण्टाघर फ्लाईओवर के उपर से भेजा जायेगा। घंटाघर फ्लाईओवर से नीचे जस्सीपुरा और हापुड़ तिराहा की ओर किसी भी दशा में किसी भी वाहन को नहीं जाने दिया जाएगा। वहीं विजयनगर की ओर से आने वाले वाहन गौशाला बैरियर से आगे दूधेश्वरनाथ मन्दिर की ओर नहीं जा सकेंगे। दूधेश्वरनाथ मंदिर पर चौधरी मोड़ की ओर से जलाभिषेक के लिए आने वाले श्रद्धालु अपने वाहनों को रामलीला मैदान में पार्क करेंगे और जलाभिषेक के लिए मन्दिर तक पैदल जाएंगे। विजयनगर की ओर से जलाभिषेक के लिए आने वाले श्रद्धालु अपने वाहनों को मिलिट्री ग्राउण्ड में पार्क करेंगे एवं जलाभिषेक के लिए मंदिर तक पैदल जाएंगे।




### आज से 19 अगस्त तक चलेगा श्रवण महोत्सव : महंत नारायण गिरी

**करंट क्राइम ।** दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी ने बताया कि 22 जुलाई से 19 अगस्त तक प्राचीन दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में श्रवण महामहोत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में लाखों शिव भक्त कांवडिएं भगवान दूधेश्वर की पूजा-अर्चना करेंगे और उनका जलाभिषेक करेंगे। बताया गया है कि यहां सवान में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड समेत देश के सभी राज्यों से भक्त पूजा-अर्चना के लिए आएंगे।



## मांस, मछली की दुकानें व ठेली 3 अगस्त तक रहेगी बंद

### नगर आयुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारी को दिए निर्देश



**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** कांवड़ यात्रा महोत्सव के दौरान गाजियाबाद नगर निगम सफाई व्यवस्था को करने में जुटा हुआ है। इसी क्रम में समस्त कांवड़ शिविर आयोजकों से सफाई व्यवस्था में सहयोग करने हेतू लगातार अपील की जा रही है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा स्वास्थ्य विभाग को भी सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया है। वहीं गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत कांवड़ यात्रा रूट और मंदिरों के आसपास मांस मछली की दुकान व ठेली पटरी को भी 3 अगस्त तक प्रतिबंधित किया गया है।

### दुकानें खुली तो होगी कार्रवाई

**करंट क्राइम ।** अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त महोदय के निर्देश अनुसार निर्धारित कांवड़ यात्रा मार्ग पर निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। मार्गों को व्यवस्थित और साफ बनाने के साथ-साथ आसपास मांस, मछली की दुकानों या ठेली ना लगे, इसका भी विशेष ध्यान दिया गया है। 21 जुलाई से 3 अगस्त तक मांस मछली की दुकानें, ठेली प्रतिबंधित रहेगी। इस दौरान किसी तरह की मांस, मछली का यदि विक्रय कहीं होता है तो उनके विरुद्ध नियम अनुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी, संबंधित को कड़ी कार्रवाई के लिए भी निर्देश दिए गए हैं।

### मंदिरों के आसपास रहेगी सफाई

**करंट क्राइम ।** गाजियाबाद नगर निगम के पांचों जोन अंतर्गत जोनल प्रभारी भी सफाई निरीक्षकों का सहयोग करेंगे। जिसमें मंदिरों के आसपास की सफाई व्यवस्था और कांवड़ शिविरों की सफाई व्यवस्था को बेहतर किया जाएगा। कांवड़ यात्रा मार्ग पर भी किसी प्रकार की मांस, मछली की दुकानें ना लगाई जाएं। इसकी निगरानी भी रखी जाएगी।



# निगम कार्यकारिणी चुनाव में निगम की मुखिया का मयार कम करने का किसने रचा था खेल

## जब सबकुछ तय हो गया था तो फिर बहुमत वाले सदन में क्यों हो गई मेयर की रणनीति फेल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम में इससे बड़ा बहुमत यूपी के किसी निगम में भाजपा के पास नहीं है। 100 पार्षदों का सदन है और 75 पार्षद उसके पास हैं। मेयर भाजपा की हैं और यूपी में सरकार भाजपा की है। ये एक पहलू है औरदूसरा पहलू ये है कि अगर विधानसभा में भी सत्र शुरू होता है तो पहले ही तय हो जाता है कि पार्टी के विधायक किस गाइडलाईन पर चलेंगे। मुद्दों को लेकर व्हिप जारी हो जाती है और विधानसभा कार्यवाही में उस व्हिप के अनुसार सभी विधायक चलते हैं। लोकसभा में भी ऐसा ही होता है और व्हिप का सम्मान होता है।

लेकिन नगर निगम में पहली बार ऐसा हुआ कि सब कुछ तय होने के बाद, सदन में सुपर बहुमत होने के बाद मेयर की रणनीति ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। ये तब था जब मेयर ने अपने साथ संगठन को लिया। उन्होंने निगम कार्यकारिणी चेहरों के लिए पसंद नापसंद की बॉल विधायकों के पाले में डाली। यानी नाम संगठन से चेहरे विधायकों के और मुखिया के रूप में मेयर थी। मगर ऐसा क्या हुआ कि नगर निगम की मुखिया अपने ही पार्षदों को इस बात पर डाट रहीं थी कि उन्होंने नामांकन पत्र क्यों लिये। नगर निगम की मुखिया अपने ही पार्षद को फोन मिलाती रहीं और नामांकन पत्र लेने के बाद भी उनके पार्षद आउट आफ रीच हो गये और फिर वो हुआ जो कभी निगम के इतिहास में नहीं हुआ। 75 प्रतिशत बहुमत वाली भाजपा की मेयर को कार्यकारिणी चुनाव स्थगित करने की घोषणा करनी पड़ी।



ये नौबत विपक्षी पार्षदों के चलते नहीं आई बल्कि ये नौबत भाजपा के पार्षदों की वजह से आई। पार्षदों ने ऐसा क्यों किया और कार्यकारिणी के वोट से पहले पार्षदों का रिमोट क्या किसी बड़े चेहरे के पास चला गया था। ये सवाल भाजपा में गूंज रहा है और सवाल ये भी है कि क्या निगम के सदन में निगम की मुखिया यानी मेयर सुनीता दयाल के मयार को कम करने का खेल रचा गया था। नगर निगम अपने आप में स्वायत संस्था है और लोकल बॉडी है और सवाल ये गूंज रहा है कि क्या जो फैसले संगठन और मेयर ने मिलकर लिये थे उन फैसलों के इतर जाकर फैसले लिये गये। निगम के इतिहास में यह घटना मेयर के मयार को कम कर रही है। पार्षद कनैक्शन जोड़े जा रहे हैं कि कौन पार्षद किससे कनैक्ट है और इसी लिए उन्होंने ऐसा रिएक्ट किया है।

### जैसे बिठाई थी नीलम भारद्वाज, वैसे ही हो सकती थी राजीव की भी तलाश





**करंट क्राइम ।** जब सबकुछ तय हो गया था तो फिर भाजपा पार्षदों ने नामांकन पत्र क्यों खरीदे। जब सदन में संगठन के अध्यक्ष मौजूद थे तो फिर पार्टी गाइड लाईन से अलग जाकर पार्षदों ने नामांकन पत्र क्यों लिये। जिस तरह से नामांकन पत्र लेने पर मेयर ने नीलम भारद्वाज को बिठाया, उसी तरह कहने वाले यही कह रहे हैं कि राजीव शर्मा की भी तलाश हो सकती थी। उन्हें तभी रोका जा सकता था। वहीं भाजपा की एक लॉबी इसे फेल नहीं बल्कि खेल मान रही है। वो दबे स्वर में कह रहे हैं कि पार्टी की नीति पार्टी की रणनीति का सम्मान होना चाहिए था। जो निगम के सदन में पहली बार हुआ वो भाजपा की रणनीति को फेल कर रहा है और ये नहीं होना चाहिए।

# पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर ने कहा यूपी के हिस्से होने चाहिए अब चार

## उन्होंने की है अलग राज्य पश्चिमी उत्तर प्रदेश बनाये जाने की मांग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रमेश चंद तोमर भाजपा के पूर्व सांसद हैं। एक पूरा युग राजनीति का देखा है और गाजियाबाद से ही वो चार बार सांसद रहे हैं। धौलाना से विधानसभा का चुनाव लड़े और हार गये। एक लंबे समय से भाजपा में वो अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। सरकार दूसरी पारी खेल रही है लेकिन भाजपा के गुरू जी अभी भी अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर ने उत्तर प्रदेश के चार अलग हिस्से किये जाने की मांग की है। उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश राज्य बनाये जाने की मांग की है।

करंट क्राइम से बात चीत में पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर ने कहा कि उत्तर प्रदेश को चार हिस्सों में बांटा जाना चाहिए और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह मांग कोई नई नहीं है और भाजपा तो पहले से ही छोटे राज्यों की पक्षधर रही है। अपनी मांग को लेकर पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश का निर्माण इसलिए भी जरूरी है कि कई बार कानूनी और राजनीतिक मामलों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आम व्यक्ति को पूरब की दौड़ लगानी पड़ती है। इलाहाबाद जाता है तो न्याय मंहगा हो जाता है और लखनऊ जाता है तो राजनीतिक मुलाकात मंहगी हो जाती है। उन्होंने कहा कि जनता के साथ साथ आम कार्यकर्ता को भी अलग राज्य होने पर सुविधा होगी। उत्तर प्रदेश के जब चार हिस्से हो जायेंगे तो यह विकास की दृष्टि से भी सुविधाजनक होगा। हाईकोर्ट बैंच अलग होगी तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लाखों लोगों को सस्ता सुलभ न्याय मिलेगा। छोटे कामों के लिए लखनऊ जाना पड़ता है तो फिर सचिवालय भी यहीं होगा। पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर ने कहा कि भाजपा सरकार को इस पर विचार करना चाहिए। जनता को सहूलियत मिलेगी, कार्यकर्ता को सम्मान मिलेगा।



BJP

## संपादकीय

# लोकतंत्र में नहीं होनी चाहिए हिंसा

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले के बाद स्वाभाविक ही वहां की सुरक्षा और खुफिया एजंसियों पर सवाल उठने लगे हैं। ट्रंप इस बार के राष्ट्रपति चुनाव में फिर से उम्मीदवार हैं। वे पेन्सिल्वेनिया के बटलर में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे कि एक युवक ने पास की एक छत से उन पर गोली दाग दी। गनीमत है कि निशाना चूक गया और गोली ट्रंप के दाहिने कान को चीरती हुई निकल गई। सुरक्षाकर्मियों ने हमलावर को वहीं ढेर कर दिया। राष्ट्रपति जो बाइडन ने घटना की सख्त निंदा की है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं है। मगर इस घटना के बाद राजनीतिक बयानबाजियां शुरू हो गई हैं। रिपब्लिकन पार्टी के कुछ नेताओं ने आरोप लगाया कि जो बाइडेन के भाषणों से ट्रंप पर हमला करने की शह मिली। यह हत्या का प्रयास था। हालांकि अमेरिका में यह पहली घटना नहीं है, जब किसी नेता पर जानलेवा हमला हुआ। मगर दुनिया भर में सबसे सतर्क और चाक-चौबंद मानी जाने वाली अमेरिकी सुरक्षा प्रणाली पर सवाल इसलिए भी उठ रहे हैं कि ट्रंप पर हमला करने वाले के बारे में घटना से कुछ समय पहले सूचना दे दी गई थी। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया है कि हमलावर को पास के घर की छत पर स्पष्ट रूप से देखा गया था और उसने सुरक्षाकर्मियों को इसकी सूचना भी दी थी।

चूंकि अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की सरगर्मी है और ट्रंप की दावेदारी मजबूत मानी जा रही है, इस घटना को राजनीति के केंद्र में ला दिया गया है। कई विश्लेषक मानते हैं कि इस घटना से ट्रंप को सहानुभूति मिलेगी और उनकी दावेदारी और मजबूत होगी। हालांकि अमेरिका में मतदाताओं को इस तरह प्रभावित करना थोड़ा कठिन माना जाता है। अमेरिकी खुफिया एजंसी एफबीआइ अभी पता नहीं लगा सकी है कि हमलावर का उद्देश्य क्या था। उसका कहना है कि हमलावर ने अकेले हमले की योजना बनाई थी, उसका किसी अन्य समूह से कोई संबंध नहीं था, इसलिए उसके मकसद के बारे में जान पाना कठिन है। मगर अमेरिका में पिछले कुछ समय से जिस तरह का वातावरण बना है, उसमें युवाओं के भीतर पनपे हिंसक व्यवहार का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। पिछले चुनाव में जब ट्रंप चुनाव हारे थे, तब उनके समर्थक अमेरिकी संसद में घुस गए और वहां भारी तोड़-फोड़ की थी। वहां नस्लीय हिंसा और दूसरे देशों के नागरिकों के प्रति युवाओं में नफरत का जैसा मानस बना है, उससे वहां के वातावरण का अंदाजा लगाया जा सकता है। छिपी बात नहीं है कि अमेरिका में महंगाई और बेरोजगारी के कारण बहुत सारे युवाओं में नाराजगी है। इस कुंठा में कई युवा हिंसक बर्ताव करते देखे जाते हैं। हालांकि ट्रंप पर हमला करने वाले युवक ने उनके समर्थक के रूप में खुद को पंजीकृत कराया था, पर जब तक ठीक-ठीक पता नहीं चल जाता कि उसने उन पर हमला क्यों किया, तब तक कुछ भी दावे के साथ कहना मुश्किल है। मगर यह घटना अमेरिकी लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय इसलिए है कि ऐसी चुनावी हिंसा इससे पहले वहां नहीं देखी गई। अगर अमेरिकी युवाओं में ऐसी प्रवृत्ति पनप रही है, तो निस्संदेह इसे लेकर तुरंत सावधान हो जाने की जरूरत है। अच्छी बात है कि बाइडेन प्रशासन इस घटना की जांच में कोई राजनीतिक दुराग्रह नहीं दिखा रहा है।

# भारत में 2024 की पहली छमाही में हुए 1,045 एकड़ के 54 जमीन सौदे, बेंगलुरु सबसे आगे



**मुंबई।** भारत के रियल एस्टेट सेक्टर में 2024 की पहली छमाही में 1,045 एकड़ के 54 जमीनों के सौदे देखने को मिले हैं। 2023 की पहली छमाही में 950 एकड़ के 46 जमीनों के सौदे हुए थे। रविवार को आई एक रिपोर्ट में यह जानकारी मिली। एनारॉक के ताजा डेटा के मुताबिक, अप्रैल-जून की तिमाही में 325 एकड़ से अधिक के 25 जमीन के सौदे पूरे हुए हैं। 2024 की दूसरी तिमाही में अकेले बेंगलुरु में 114 एकड़ के नौ नए जमीन के सौदे हुए हैं। इसके बाद गुरुग्राम का नाम है। जहां 77.5 एकड़ के सात जमीनों के सौदे पूरे हुए हैं। एनारॉक ग्रुप के रीजनल डायरेक्टर और एडवाइजरी एंड रिसर्च हेड, डॉ. प्रशांत ठाकुर ने कहा कि बेंगलुरु में हुई सभी डील रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट्स विकसित करने के लिए हुई हैं। ठाकुर ने आगे कहा कि इसके बाद गुरुग्राम का नाम है, यहां 2024 की दूसरी तिमाही में 77.5 एकड़ की सात जमीनों के सौदे हुए हैं। ये सौदे रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट्स और कृषि से जुड़े हुए हैं। 2024 की दूसरी तिमाही में पूरे हुए कुल जमीनों के सौदों में से 17 से अधिक (163 एकड़) पर रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट्स प्रस्तावित हैं। कृषि, मिश्रित उपयोग, डेटा सेंटर्स, लॉजिस्टिक्स पार्क्स, इंडस्ट्रीयल और रिटेल के लिए एक-एक सौदे हुए हैं। पिछले कुछ वर्षों से जमीनों की मांग में लगातार इजाफा हो रहा है। डेवलपर्स नए प्रोजेक्ट्स के लॉन्च के बाद आसानी से नए यूनिट्स की बिक्री कर पा रहे हैं। ठाकुर ने कहा कि मुंबई, जो कि पिछली कुछ तिमाही में जमीनों के सौदों में शीर्ष पर था। 2024 की दूसरी तिमाही में केवल दो जमीनों के सौदे हुए हैं, जिसमें से एक इंडस्ट्रीयल उद्देश्य और दूसरा रिटेल क्षेत्र विकसित करने के लिए है। हालांकि, 2024 की पहली छमाही में मुंबई में 34 एकड़ के 5 जमीन के सौदे हुए हैं। वहीं, हैदराबाद में 63.5 एकड़ के तीन और चेन्नई में 48 एकड़ के तीन जमीन के सौदे हुए हैं। पुणे, अहमदाबाद, नोएडा और ठाणे में कुल मिलाकर 103 एकड़ के दो-दो जमीन के सौदे हुए हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि गाजियाबाद में 62.5 एकड़ का एक और दिल्ली में 5 एकड़ का एक जमीन का सौदा हुआ है।

# कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सदस्यों की संख्या मई में 19.5 लाख बढ़ी

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से जुड़े सदस्यों की संख्या मई में 19.50 लाख बढ़ गई। यह अप्रैल 2018 के बाद की सबसे बड़ी वृद्धि है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, मई 2023 की तुलना में इस साल मई में ईपीएफओ से जुड़ने वाले सदस्यों का शुद्ध आंकड़ा 19.62 प्रतिशत अधिक रहा। ईपीएफओ के सदस्यों की संख्या में वृद्धि दिखाता है कि देश में रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। इसके साथ कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं के प्रति जागरूकता बढ़ रही है और ईपीएफओ के कार्यक्रम प्रभावी तरीके से लोगों तक पहुंच रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार, मई 2024 में ईपीएफओ से 9.85 लाख नए सदस्य जुड़े हैं। पिछले महीने के मुकाबले इसमें 10.96 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वहीं, मई 2023 के मुकाबले 11.5 प्रतिशत नए सदस्य जुड़े हैं। मई 2024 में जुड़े नए सदस्यों में 58.37 प्रतिशत लोग 18 से 25 आयु वर्ग के हैं। यह दिखाता है कि नए जुड़े सदस्यों में बड़ी संख्या पहली बार नौकरी पाने वालों की है। पेरोल डेटा दिखाता है कि 14.09 लाख सदस्य पूर्व में ईपीएफओ से एग्जिट करने के बाद दोबारा से जुड़े हैं। इन सदस्यों ने अपनी नौकरी बदली ली और ईपीएफओ के दायरे में आने वाली संस्थाओं में फिर से शामिल हो गए। इन्होंने फाइनल सेटेलमेंट चुनने की जगह अपनी राशि को ट्रांसफर करने का विकल्प चुना। लिंग के आधार पर देखा जाए तो मई में करीब 2.48 लाख नई महिला सदस्य जुड़ी हैं।

इसमें सालाना आधार पर 12.15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं, शुद्ध रूप से महिला सदस्यों की संख्या में 3.69 लाख का इजाफा हुआ है। इसमें मई 2023 के मुकाबले 17.24 प्रतिशत की बढ़त हुई है। पेरोल में सबसे ज्यादा वृद्धि महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात और हरियाणा में हुई है। कुल वृद्धि में इन पांच राज्यों की हिस्सेदारी 58.24 प्रतिशत या 11.36 लाख है। इनमें 18.87 प्रतिशत के साथ महाराष्ट्र शीर्ष पर है।

# महंगाई के आरोपों पर बोले राजीव चन्द्रशेखर, कांग्रेसी इसी उम्मीद में जी रहे हैं कि लोग भूल गए



**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने यूपीए सरकार के दौरान मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) रहे कौशिक बसु के स्क्यूफ्लेशनर के आरोपों का सोशल मीडिया पर जवाब दिया है। उन्होंने लिखा कि कांग्रेस सरकार के समय के केंद्रीय मंत्री चिदंबरम से लेकर सीईए रहे बसु और पूर्व आरबीआई गवर्नर रघुराम राजन इसी उम्मीद में जी रहे हैं कि लोग भूल चुके हैं और भारतीयों को सामूहिक रूप से भूलने की बीमारी हो गई है। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में अभूतपूर्व भ्रष्टाचार, और आर्थिक विनाश का यह गिरोह या तो अयोग्य/अक्षम था या मूक/सक्रिय दर्शक। यहां तक कि आज के समय में एक आर्थिक नौसिखिया भी 2013-14 के निचले स्तर से हमारी अर्थव्यवस्था के परिवर्तन एवं मजबूती और कोरोना के बाद आए लचीलेपन की बात मानेगा। कौशिक बसु ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि भारत में स्क्यूफ्लेशनरदेखा जा रहा है। मौद्रिक नीति से नहीं बल्कि सेक्टर के हिसाब से कदम उठाना होगा। इस बार का बजट काफी महत्वपूर्ण होगा। इस पर नीति आयोग के सदस्य डॉ. अरविंद विरमानी ने कहा कि कृपया महंगाई के वर्तमान आंकड़ों की मुख्य आर्थिक सलाहकार के आपके कार्यकाल (2010-12) के आंकड़ों के साथ तुलनात्मक विश्लेषण करें। इस पर राजीव चन्द्रशेखर ने कहा कि वह ऐसा नहीं करेंगे। बता दें कि भारत इस समय दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई बड़ी अर्थव्यवस्था है।

# मार्केट आउटलुक: बजट, तिमाही नतीजों के साथ ये फैक्टर्स तय करेंगे बाजार की दिशा



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए बीता हफ्ता काफी उतार-चढ़ाव वाला रहा। शुरूआती दिनों में खरीदारी हुई, लेकिन हफ्ते के अंत में मुनाफावसूली देखने को मिली। हालांकि, बाजार के लिए यह लगातार सातवां हफ्ता था, जब सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने सकारात्मक रिटर्न दिया है।

आने वाले हफ्ते में बाजार के लिए बजट एक अहम फैक्टर होगा। 23 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश करेंगी। इस बार उम्मीद की जा रही है कि बजट में सरकार का फोकस इन्फ्रास्ट्रक्चर और जनकल्याणकारी योजनाओं पर हो सकता है। इसके अलावा कंपनियों द्वारा पेश किए जाने वाले पहली तिमाही के नतीजे, अमेरिकी फेड की ओर से ब्याज दरों में कटौती को लेकर आने वाले अनुमानों से बाजार की दिशा तय होगी।

बीते हफ्ते सेंसेक्स 85 अंक या 0.10 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,604 और निफ्टी 28 अंक या 0.11 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 24,530 पर बंद हुआ। जियोजित फाइनेंसियल सर्विसेज के रिसर्च हेड विनोद नायर का कहना है कि बाजार की दिशा आगे बजट के आधार पर ही तय होगी। निवेशक मान रहे हैं कि सरकार प्रो-इंडस्ट्री और राजकोषीय समेकन का ध्यान रखते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं पर खर्च करेगी। मास्टर कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अरविंदर सिंह नंदा का कहना है कि निफ्टी इस हफ्ते ऑल-टाइम हाई 24,854 छूने के बाद एक संभावित रिवर्सल का ट्रेंड दिखाया है, जिसका सपोर्ट 24,150 और 23,750 है। अगर यह इसके नीचे जाता है तो अधिक बिकवाली देखने को मिल सकती है। हालांकि, 24,850 और 24,900 एक मजबूत रुकावट का स्तर है।

## राशिफल

**मेष :** नए प्रेम संबंध बनने की संभावना है। ऑफिस में अत्यधिक काम के कारण आप अपने जीवन साथी के लिए समय नहीं निकाल पाएंगे।

**वृष :** प्यार करें, गुस्सा आपके रिश्तों को खराब कर सकता है। दाम्पत्य संबंधों में अहंकार के कारण अलगाव हो सकता है। मन अशांत रहेगा।

**मिथुन :** प्रेम संबंधों में पुरानी यादें ताजा करने से रिश्ते में मधुरता आएगी। जीवनसाथी के साथ भविष्य की योजनाएं बना सकते हैं।

**कर्क :** आप भावुक हो रहे हैं। पार्टनर के साथ किसी भी तरह की बहस से बचें। पारिवारिक समस्याओं को सुलझाने में दिन व्यतीत होगा।

**सिंह :** ससुराल पक्ष को लेकर पति-पत्नी के बीच तनाव रहेगा। किसी एक व्यक्ति की वजह से शादीशुदा लोगों के रिश्ते में खटास आ सकती है।

**कन्या :** आज आपके प्रेमी से आपकी मुलाकात जरूर होगी। आप पार्टी के मूड में हैं। आज आप अपने पार्टनर के साथ संबंधों को मजबूत करने का प्रयास करेंगे।

**तुला :** मन बेचैन रहने वाला है। प्रेमी से झगड़ा होगा। आज अलगाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। प्रेमी के परिवार वालों को किसी काम में सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक :** काम के कारण आप ज्यादा समय नहीं दे पा रहे हैं। इससे पार्टनर के प्रति नाराजगी बढ़ सकती है। घर में परेशानी कम होगी।

**धनु :** शादीशुदा लोगों के लिए दिन अच्छा है। कोई शुभ समाचार मिल सकता है। घर में मेहमान आ सकते हैं। धार्मिक यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं।

**मकर :** विदेश जाने के योग बन सकते हैं। प्रेमी से विवाद हो सकता है। जीवनसाथी परेशान है। तुम उसकी हिम्मत बनो।

**कुंभ :** नए प्रेम संबंध बनने की संभावना है। आज दोस्तों के साथ अच्छा समय बीतेगा। अगर आप शादीशुदा हैं तो आपको ससुराल पक्ष से स्नेह और सम्मान मिलेगा।

**मीन :** युवक-युवती के प्रेम संबंधों में अचानक बदलाव आएगा। संबंध बेहतर होंगे। अचानक वैवाहिक संबंध बन सकते हैं।

## चुटकुले

पापु : पापा मुझे एक लड़की पसंद है, मैं उससे शादी करना चाहता हूँ।
पापा : क्या वो भी तुझे पसन्द करती है ?
पप्पू : हाँ वो भी मुझे पसंद करती है और शादी करना चाहती है।
पापा : जिस लड़की की पसन्द ऐसी हो मैं उसे अपनी बहू कभी नहीं बना सकता।

---

पप्पू ने सिगरेट का पैकेट खरीदा। पैकेट के ऊपर चेतावनी लिखी थी - धुम्रपान से दस्त हो सकते है। पप्पू वापिस दूकान पर गया और बोला ये कौन सा पैकेट दे दिया भाई। वो कैंसर वाला ही दे।

---

पप्पू की छत से पानी टपकता था वो भी ठीक डाइनिंग टेबल के ऊपर।
पलंबर ने पूछा आपको कब पता चला की छत से पानी टपक रहा है?
पप्पू-कल रात को जब मेरा पैग एक घंटे तक खत्म नहीं हुआ तब!!

## रोचक तथ्यों का करंट

- धरती से किसी उल्कापिंड के टकराने का खतरा 9300 में से एक बार होता है।
- न्यूक्लीयर रिएक्टरों को ठंडा किया जाए तो सुक्ष्म जीव भी संघर्ष कर सकते है।
- पुरुष में 1000 स्पर्म एक सेकंड में बनते है।
- एक तूफान में 8000 मेगाटन बम के निर्माण जितनी उर्जा होती है।
- दुनिया का सबसे छोटा कीड़ा तंजानियन पैरासिटिक वास्प है जो एक मक्खी की आँख से भी छोटा है।
- अंटार्कटिका का सबसे बड़ा ग्लेशियर अल्म्बेर्ट ग्लेशियर है जो 250 मील लंबा और 40 मील चौड़ा है।
- तापमान कितना भी कम हो जाए, गैसोलीन कभी भी नहीं जमता।
- पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से बाहर निकलने के लिए राकेट को 7 माइल्स प्रति सेकंड से जाना पड़ता है।
- सबसे पुराना रेडिओ प्रसारण 1930 में हुआ जो अब 100,000 तारों को पार कर चूका होंगा।
- लाइट की गति से भी हमे अपने पास वाली गैलेक्सी एंड्रोमेडा में जाने के लिए 2 मिलियन वर्ष लगेंगे।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

करंट क्राइम
परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

22 07 2024

आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन




अरमान मलिक
गायक



यथार्थ कुमार | कार्तिक रावत | डॉ. नीता अग्रवाल | दिव्यांशु सिंघल | अंकित शर्मा | मनोज गुप्ता
हसरत मेवाती | जितेंद्र चौधरी | मयंक वर्मा | मोहित नागर | रोहित सिंह नैन | सेठी कुमार
वरुण शर्मा | अतुल गर्ग | सोनू | दीपक कुमार | केपी श्रीवास्तव | सोनू बत्रा

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हसन अली का बड़बोलापन



**कराची।** भारत के अगले साल होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाने की संभावना कम है। इस पर अब पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हसन अली ने अपनी राय रखी है और बड़ा बयान दिया है। हसन अली ने कहा कि अगर आईसीसी टूनार्मेंट पाकिस्तान में होना है तो वह तय कार्यक्रम के अनुसार ही होगा, भले ही भारत इसमें हिस्सा ना ले। पाकिस्तान को 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करनी है। लाहौर में इसका खिताबी मुकाबला खेला जाना है और इसके लिए कुल तीन आयोजन स्थल तय किए गए हैं।

### भारत का पाकिस्तान जाना तय नहीं

कई मीडिया रिपोर्ट और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने दावा किया है कि भारतीय टीम इस टूनार्मेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी और बोर्ड आईसीसी से भारत के मैच श्रीलंका या दुबई में कराने की मांग करने पर विचार कर रहा है। श्रीलंका और यूएई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बैकअप वेन्यू के तौर पर प्रबल दावेदार के रूप में उभर रहे हैं।

### भारत-पाकिस्तान के बीच नहीं होती द्विपक्षीय सीरीज

भारत ने 2008 में एशिया कप के बाद से पाकिस्तान में द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली है। दोनों टीमों के बीच अंतिम बार सीरीज दिसंबर 2012 से जनवरी 2013 के बीच हुई थी। इसके बाद से दोनों टीमें सिर्फ आईसीसी टूनार्मेंट या एशिया कप में एक दूसरे का सामना करती हैं। पाकिस्तान ने 2017 में भारत को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था, जबकि भारतीय टीम 2013 में इस टूनार्मेंट की चैंपियन बनी थी।

### 'हम भारत के बिना भी खेल सकते हैं'

हसन अली ने एक स्थानीय चैनल से बात करते हुए कहा, अगर हम खेलने के लिए भारत जा सकते हैं तो उन्हें भी पाकिस्तान आना चाहिए। कई लोगों ने काफी बार कहा है कि खेल को राजनीति से दूर रखना चाहिए, लेकिन अगर आप इसे अलग तरह से देखें तो कई भारतीय खिलाड़ियों ने भी कहा है कि वे पाकिस्तान में खेलना चाहते हैं। इसलिए इसका मतलब यह नहीं है कि टीम पाकिस्तान नहीं आना चाहती, वे चाहते हैं, लेकिन उनकी अपनी नीतियां, देश और बोर्ड है जो इस मामले पर फैसला लेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख कह चुके हैं कि चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन पाकिस्तान में ही होगा। अगर भारत नहीं आना चाहता तो हम उनके बिना खेलेंगे। क्रिकेट पाकिस्तान में खेला जाएगा और अगर भारत इसमें भाग नहीं लेना चाहता तो इसका मतलब यह नहीं है कि क्रिकेट खत्म हो जाएगा। भारत के अलावा भी कई अन्य टीमें हैं।

# पैरा-शटलर सुकांत कदम का फ्रांसीसी वाणिज्य दूतावास से परिवार के सदस्यों के वीजा अनुरोधों पर पुनर्विचार करने का आग्रह

## अस्वीकृति उनके सपनों के लिए एक बड़ा झटका है



**नई दिल्ली।** पेरिस पैरालंपिक से पहले, भारत के स्टार पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम ने मुंबई में फ्रांस के महावाणिज्य दूतावास द्वारा अस्वीकार किए जाने के बाद फ्रांस से अपने बड़े भाई और चाचा के वीजा अनुरोध को मंजूरी देने का आग्रह किया है। कदम ने उल्लेख किया कि सभी आवश्यक दस्तावेज होने के बावजूद उनके परिचितों के वीजा अनुरोध अस्वीकार कर दिए गए थे। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि शिखर टूनार्मेंट में देश का प्रतिनिधित्व करते समय एथलीटों के लिए परिवार के सदस्यों का समर्थन महत्वपूर्ण है। एक्स, पूर्व में ट्विटर पर कदम की पोस्ट पढ़ीः दिल दहला देने वाली खबरः मेरे बड़े भाई और चाचा के वीजा को फ्रांसबॉम्बे ने अस्वीकार कर दिया, उन्होंने कार्यक्रम के लिए पहले से ही कन्फर्म टिकट बुक कर लिए थे, और यह अस्वीकृति उनके सपनों के लिए एक बड़ा झटका है। मैं वाणिज्य दूतावास से अनुरोध करता हूं कि वह इस पर पुनर्विचार करें, क्योंकि उनका एकमात्र उद्देश्य पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों में मेरा समर्थन करना है! सुकांत ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और देश के लिए पदक जीते हैं। 2023 पैरा-एशियाई खेलों में उन्होंने कांस्य पदक जीता। कोर्ट पर उनकी सहज दौड़ ने उन्हें पैरालंपिक में पहली बार जगह दिलाई। कदम की याचिका पर प्रतिक्रिया देते हुए, पैरा-बैडमिंटन एथलीट मानसी जोशी ने पोस्ट का जवाब दिया और पूर्व की भावनाओं को दोहराया। जोशी ने एक्स पर लिखा, किसी भी एथलीट के लिए, उनके सबसे बड़े खेलों में उनकी सहायता प्रणाली बहुत महत्वपूर्ण है। उम्मीद है कि फ्रांसइनइंडिया इस पर ध्यान देगा और उन्हें उनकी यात्रा के लिए आवश्यक वीजा देगा। कदम ने जवाब दिया, धन्यवाद जोशीमानसी 11 वे पेरिस में रहने और हमेशा सभी पैरा एथलीटों का समर्थन करने का सपना देख रहे थे। मुझे उम्मीद है कि फ्रांसबॉम्बे अपने फैसले पर पुनर्विचार करेगा। पैरालंपिक खेल 28 अगस्त से 8 सितंबर तक पेरिस में होंगे।

# भारतीय हॉकी टीम का पहला लक्ष्य होगा क्वार्टर फाइनल में पहुंचना



**पेरिस।** भारत ने टोक्यो में पुरुष हॉकी में ओलंपिक पदक के लिए 41 साल पुराना सूखा खत्म किया था। अब उसके सामने लगातार दूसरे ओलंपिक में पदक जीतने की चुनौती है। भारतीय हॉकी टीम ने आखिरी बार 1968 और 1972 में लगातार दो ओलंपिक गेम्स में पदक जीते थे, जिसमें मैक्सिको और म्यूनिख में कांस्य पदक शामिल हैं। भारत ओलंपिक हॉकी में सबसे सफल देश है। टीम ने वर्ष 1928 से 1956 तक लगातार छह स्वर्ण पदक जीते हैं। इसके बाद 1964 और 1980 में भी उसने गोल्ड जीता था। 1960 के रोम ओलंपिक में भारत के हाथ रजत पदक आया था। वर्ष 1968 और 1972 में टीम ने कांस्य पदक जीता था। वह भारतीय हॉकी का स्वर्णिम दौर था। टोक्यो ओलंपिक में 41 साल बाद टीम ने कांस्य पदक जीतकर पदकों का सूखा जरूर समाप्त किया, लेकिन इस बीच इस खेल की शैली, मैदान, नियम और तैयारी के तरीकों में बहुत कुछ बदल गया और लगातार दो पदक जीतना अब इतना आसान नहीं है। भारतीय पुरुष टीम को इस बार पूल 'बी' में मौजूदा चैंपियन बेल्जियम, पूर्व विजेता ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, आयरलैंड और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। पूल 'ए' में नीदरलैंड, जर्मनी, ब्रिटेन, स्पेन, मेजबान फ्रांस और अफ्रीकी चैंपियन दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। भारतीय टीम का पहला लक्ष्य क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए समूह में शीर्ष चार में जगह बनाना होगा। असली लड़ाई उसके बाद शुरू होगी। भारत के लिए तैयारी काफी निराशाजनक रही है, खासकर ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज, और बेल्जियम के एंटवर्प तथा लंदन में आठ प्रो लीग मैच। भारत इनमें से अधिकांश मैच हार गया, जिसके परिणामस्वरूप टीम प्रो लीग में नौ टीमों में सातवें स्थान पर रही। लगातार हार झेलने के कारण भारत की रैंकिंग एफआईएच रैंकिंग में शीर्ष पांच से गिरकर दुनिया में सातवें स्थान पर आ गई है। पेरिस ओलंपिक के लिए डॉ. आर.पी. सिंह, बलविंदर सिंह, मोहम्मद रियाज, एम.एम. सौम्या, सरदार सिंह और बी.पी. गोविंदा की चयन समिति ने एक अनुभवी टीम चुनी है जिसमें 11 खिलाड़ी टोक्यो में कांस्य पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा थे।

# चौपला मंदिर पर घी की दुकान में लगी भीषण आग, लाखों का हुआ नुकसान

## दमकल की दो गाड़ियों ने पाया आग पर काबू

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रविवार की देर रात चौपला मंदिर स्थित केदारनाथ घी वाले की दुकान में अचानक आग लग गई। आग की लपटे इतनी तेज थी, कि दूर से ही नजर आ रही थीं। करीब 9:50 पर घंटाघर कोतवाली फायर स्टेशन को सूचना दी गई है। जिसके बाद मौके पर दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भेज दी गई हैं। शुरूआती जांच के बाद आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। वहीं घी की दुकान होने की वजह से आज बहुत तेजी से फैल रही थी। साथ ही दुकान में रखें सिलेंडरों में भी ब्लास्ट हो गया था। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया है आग लगने का शुरूआती करण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।





### आसपास की दुकानों में फैलने से रोकी गई आग

करंट क्राइम। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया है कि चौपला बाजार में आग लगने की सूचना के बाद आग से बचाव कार्य शुरू कर दिया गया था। आग तेजी से बढ़ रही थी, इसीलिए फायर टेंडर की मदद से आग पर कंट्रोल पाया गया और आसपास की दुकानों में आग पहुंचने से पहले ही आग को बुझा दिया गया। आग लगने से लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान है। वहीं मौके पर आग की लपटें देख भीड़ भी जमा हो गई थी।



# पाकिस्तान तटस्थ स्थान पर टी20 द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए भारत को आमंत्रित करेगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी भारत को 2025 में किसी तटस्थ स्थान पर टी20 द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए आमंत्रित कर सकते हैं। हालाँकि, बोर्ड (पीसीबी) चैंपियंस ट्रॉफी के मैचों को पाकिस्तान से बाहर स्थानांतरित करने की अनुमति नहीं देने के अपने फैसले पर अड़ा हुआ है।

पीसीबी के सूत्रों ने यह भी कहा कि नकवी भारत को 2025 के दौरान किसी तटस्थ स्थान पर टी20 श्रृंखला के लिए आमंत्रित करेंगे, जब वह 19-22 जुलाई को श्रीलंका के कोलंबो में होने वाले आईसीसी वार्षिक सम्मेलन में बीसीसीआई सचिव जय शाह से मिलेंगे। पीसीबी सूत्र ने कहा, इस प्रस्ताव पर जय शाह (बीसीसीआई सचिव) के साथ मोहसिन नकवी की बैठक के दौरान चर्चा की जाएगी, जिसमें चैंपियंस ट्रॉफी के बाद दोनों टीमों के खाली दिनों के दौरान मैच संभावित हैं। यह चर्चा वार्षिक सम्मेलन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होने जा रही है। एजेंडे में चैंपियंस ट्रॉफी मैचों को तटस्थ स्थान पर स्थानांतरित करने की संभावना शामिल है, खासकर भारत सरकार और बीसीसीआई द्वारा उठाई गई चिंताओं के बाद, जिसने संकेत दिया कि सुरक्षा और राजनीतिक चिंताओं के बीच मैन-इन-ब्लू को पाकिस्तान की यात्रा करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। पाकिस्तान ने कहा है कि वह सुनिश्चित करेगा कि भारतीय क्रिकेट टीम के सभी मैच लाहौर में खेले जाएं और भारतीय टीम पूरी श्रृंखला के दौरान एक ही होटल में रहेगी। इसमें यह भी कहा गया कि एक शहर में होने से आने वाले पक्ष को पूर्ण सुरक्षा प्रदान करना आसान हो जाएगा। इसके अलावा, पीसीबी ने हाल ही में घोषणा की कि उसने 5-सितारा होटल बनाने के लिए लाहौर में गद्दाफी क्रिकेट स्टेडियम के निकट एक जमीन का अधिग्रहण किया है। सूत्रों से पता चला है कि पीसीबी की योजना खुद ही होटल बनाने की है और अगले साल की शुरूआत तक निर्माण पूरा करने की योजना है। पीसीबी के सूत्रों ने कहा कि नवनिर्मित 5-सितारा होटल टीमों को दूर के होटलों में ठहरने की आवश्यकता को खत्म कर देगा, जिससे सुरक्षा के लिए सड़कें बंद नहीं होंगी।

विशेष रूप से, पीसीबी प्रमुख और जय शाह के कोलंबो में आईसीसी वार्षिक सम्मेलन के दौरान मिलने की भी उम्मीद है। सूत्रों ने बताया कि नकवी शाह को भारतीय टीम को पाकिस्तान भेजने के लिए मनाने की कोशिश करेंगे। हालाँकि, इस पर भारत सरकार - बीसीसीआई नहीं - अंतिम फैसला करेगी। भारतीय क्रिकेट टीम ने पिछले साल एशिया कप के लिए पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया था, जिसके कारण मैच श्रीलंका में आयोजित किए गए थे। पाकिस्तान और भारत ने 2012 के बाद से कोई द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेली है, भारत सरकार ने पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मुकाबलों को आईसीसी या एसीसी आयोजनों तक सीमित कर दिया है।

# अदाणी स्पोर्ट्स लाइन की 42 वर्षीय संजना रावल आईटीएफ मास्टर्स टूर वर्ल्ड में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व



**अहमदाबाद।** अदाणी स्पोर्ट्स लाइन की टेबल टेनिस खिलाड़ी संजना रावल पुर्तगाल के लिसबन में होने वाली प्रतिष्ठित आईटीएफ मास्टर्स टूर विश्व चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। 42 वर्षीय संजना रावल ने उम्र को महज एक नंबर साबित करते हुए, इस खेल में असाधारण दृढ़ संकल्प और कौशल का प्रदर्शन किया है। अदाणी स्पोर्ट्स लाइन के सीबीओ संजय अडेसरा ने कहा, संजना की उपलब्धियों और उनकी उत्कृष्टता पर हमें बेहद गर्व है। उनका सफर दृढ़ता की भावना और खेल में महानता की लगातार खोज को दर्शाता है, जो अदाणी स्पोर्ट्स लाइन एकेडमी की पहचान है। आईटीएफ डबल्स 30+ में 82वें रैंक पर काबिज संजना ने आईटीएफ सिंगल्स और डबल्स 40+ कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन किया है। अदाणी स्पोर्ट्स लाइन अकादमी से जुड़ने के बाद से उनका प्रदर्शन लगातार शानदार हुआ है। कोच अरशद देसाई के मार्गदर्शन में उन्होंने प्रतिदिन दो घंटे के कठिन अभ्यास के जरिए अपने कौशल को निखारा है। हाल ही में मेरठ में आयोजित आईटीएफ मास्टर्स 400 में महिला डबल्स फाइनल में पहुंचना उनकी सफलता का प्रमाण है। संजना ने कहा, मैं इस वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए रोमांचित हूं।

# टेस्ट इतिहास में 8वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने जो रूट, उनसे ऊपर हैं यह 7 धुरंधर



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में 8वें स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ जारी घरेलू टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में यह उपलब्धि हासिल की। रूट ने नॉटिंघम में हो रहे टेस्ट मैच की पहली पारी में केवल 14 रन बनाए थे, लेकिन दूसरी पारी में वह अर्धशतक लगा चुके हैं। जो रूट ने वेस्टइंडीज के दिग्गज शिवनारायण चंद्रपाल को पीछे छोड़ दिया है। चंद्रपाल ने 164 टेस्ट मैचों में 51.37 की औसत के साथ 11867 रन बनाए थे। रूट ने 142 मैचों ही यह रिकॉर्ड तोड़ते हुए अब तक 11,869 रन बनाए हैं, जिसमें उनका औसत 49.87 है। टेस्ट क्रिकेट में अब जो रूट से ऊपर 7 बल्लेबाज हैं, जिन्होंने उनसे ज्यादा रन बनाए हैं। वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा इस मामले में 7वें स्थान पर हैं, उन्होंने 52.89 की औसत के साथ 131 टेस्ट मैचों में 11953 रन बनाए हैं। रूट का अगला लक्ष्य इसी रिकॉर्ड को पछाड़ना होगा। हालांकि लारा का नाबाद 400 रनों का सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ना अभी भी बहुत मुश्किल है। इसके बाद श्रीलंका के बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार संगकारा हैं, जो छठे स्थान पर हैं। संगकारा ने 12,400 रन, 134 टेस्ट मैचों में 57.41 की औसत के साथ बनाए हैं। इस दौरान उनका सर्वोच्च स्कोर 319 रहा। जो रूट के पूर्व साथी और पूर्व इंग्लिश क्रिकेट कप्तान एलिस्टर कुक 5वें नंबर पर हैं। ओपनिंग बल्लेबाज कुक ने 12,472 रन, 161 टेस्ट मैचों में, 45.35 की औसत और 294 रनों के सर्वोच्च स्कोर के साथ बनाए हैं। टेस्ट के सर्वकालिक सर्वाधिक रनों के मामले में भारत के राहुल द्रविड़ नंबर चार पर हैं, जिन्होंने 164 मैचों में 13,288 रन, 52.31 की औसत और 270 रनों के सर्वोच्च स्कोर के साथ बनाए हैं। दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज पूर्व ऑलराउंडर जैक कालिस नंबर तीन पर हैं, जिन्होंने 13,289 रन, 166 मैचों में, 55.37 की औसत और 224 रनों के सर्वोच्च स्कोर के साथ बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग नंबर दो पर हैं, जिन्होंने 13,378 रन बनाए हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज पोंटिंग ने 168 मैचों में, 51.85 की औसत और 257 के सर्वोच्च रन स्कोर के साथ बनाए हैं। भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने 200 टेस्ट मैचों में 15,921 रन बनाए हैं, और वह इस लिस्ट में नंबर एक पर हैं। सचिन ने 53.79 की औसत और 248 नाबाद रनों के सर्वोच्च स्कोर के साथ यह रिकॉर्ड अपने नाम किया है।

# सानिया मिर्जा, मैरी कॉम और टीवी होस्ट रणविजय सिंहा प्ले स्पोर्ट्स के ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त



**नई दिल्ली।** छह बार की ग्रैंड स्लैम विजेता और महिला डबल्स में पूर्व विश्व नंबर 1 सानिया मिर्जा, छह बार की विश्व चैंपियन और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता एमसी मैरी कॉम और प्रसिद्ध टीवी होस्ट और अभिनेता रणविजय सिंहा को प्ले स्पोर्ट्स का ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया है। प्ले स्पोर्ट्स का उद्देश्य स्कूलों के साथ काम करके, खेलों का विकास करके, खेल के बुनियादी ढांचे का प्रबंधन करके, अकादमियों को चलाकर और ग्रासरूट स्तर से प्रतिभा की पहचान करके भारत में एक स्थायी खेल इकोसिस्टम बनाना है। अपने जुड़ाव के बारे में बात करते हुए सानिया मिर्जा ने कहा कि स्कूलों के लिए खेल पाठ्यक्रम विकसित करने की प्ले स्पोर्ट्स की अनूठी विशेषता ने उन्हें इस पहल में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। सानिया मिर्जा ने कहा, प्ले स्पोर्ट्स का लक्ष्य पहले चरण में दिल्ली एनसीआर और जयपुर के स्कूलों और समाजों में खेल के बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षण सुविधाओं में सुधार करना और फिर इसे पूरे देश में ले जाना है। वे स्कूलों में मौजूदा खेल बुनियादी ढांचे के उन्नयन और जहां कोई नहीं है वहां विभिन्न खेलों के मैदान विकसित करने में भी शामिल हैं। प्ले स्पोर्ट्स उपकरण सहायता भी प्रदान करता है और स्कूलों के लिए खेल पाठ्यक्रम विकसित करता है। इसने मुझे इस पहल में शामिल होने और उस खेल को वापस देने के लिए प्रेरित किया जिसने मुझे प्रसिद्धि और वैश्विक पहचान दी। पद्म भूषण और मेजर ध्यानचंद खेल रत्न से सम्मानित सानिया ने कहा, 2036 के ओलंपिक 12 साल बाद आयोजित होंगे और प्ले स्पोर्ट्स स्कूलों से प्रतिभा की पहचान करके और उन्हें उचित प्रशिक्षण और उपकरण सहायता प्रदान करके अगले बैच के ओलंपियनों को तैयार करने का लक्ष्य रखता है। अपने दृढ़ संकल्प और मानसिक शक्ति के लिए 'मैग्निफिसेंट मैरी' के रूप में प्रसिद्ध मैरी कॉम प्ले स्पोर्ट्स से जुड़कर बेहद उत्साहित हैं क्योंकि यह उन्हें युवा प्रतिभाओं को पोषित करने का अवसर देता है।

# रिजवान मीर को समाज सेवा के क्षेत्र में डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** दिल्ली में आईकॉनिक पीस अवॉर्ड काउंसिल द्वारा आयोजित सालाना अचीवर्स अवार्ड 2024 के तत्वाधान में गाजियाबाद के प्रमुख समाजसेवी व वरिष्ठ भाजपा नेता रिजवान मीर को समाज सेवा के क्षेत्र में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया किया गया। डॉ. रिजवान मीर ने अपने संबोधन में कहा कि समाज का एक बड़ा नौजवान वर्ग छात्र जीवन में ही बहुत सारी घटनाओं से प्रभावित होकर अथवा ऐसी समस्याओं से जूझते हुए, जिनका सीधा सरोकार देशहित, सामाजिक परिवर्तन, सामाजिक उत्थान आदि से होता है। समाज सेवा तथा राजनीतिक क्षेत्र से जुड़ जाता है, उनमें से कुछ लोग आगे चलकर पार्षद, विधायक, सांसद, मंत्री आदि बन जाते हैं। बहुत बड़ा वर्ग जो कि किसी सांसद विधायक चुने जाने वाले व्यक्ति से सामाजिक उत्थान हेतु अधिक परिश्रम करता है

और समाज में अपनी सक्रिय भागीदारी के अंतर्गत एक अलग पहचान बनाता है, और राजनीतिक दल उसके परिश्रम को अनदेखा करते हैं। आईकॉनिक पीस अवॉर्ड काउंसिल जैसे संस्थान उसकी मेहनत और परिश्रम को सम्मानित करते हैं, तो एहसास होता है। उसने जो परिश्रम किया है, वह व्यर्थ नहीं गया। इस पुरस्कार के लिए उन्होंने सभी आयोजकों का धन्यवाद किया। ज्ञात हो डॉक्टर रिजवान मीर को इससे पहले भी सामाजिक सेवा में सक्रियता के चलते वर्ल्ड हेल्थ ऑगेनाईजेशन द्वारा वर्ल्ड इंटरफेथ हार्मनी वीक में भाईचारा रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। शहीद भगत सिंह सेवादल द्वारा कोरोना योद्धा अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कई क्षेत्र में सम्मानित किया गया है।

# शहर में पेड़ लगाने के लिए संस्थाए आये आगे नगर निगम देगा पेड़ःमहापौर

## पेड़ लगाकर उसके पालन पोषण की जिम्मेदारी भी ले सभी संस्थाए

- **महापौर ने कहा सभी संस्थाए, एन जी ओ व उनके सदस्य भी लगाए शहर में एक पौधा माँ के नाम का**

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पूरे प्रदेश में पेड़ लगाने का अभियान चल रहा है इसी के क्रम में कल नगर निगम ने भी 1 लाख 45 हजार पौधे जगह जगह लगाए है जिसमे सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भी अहम भूमिका निभाई है। महापौर सुनीता दयाल ने शहर की सभी संस्थाओं, एन जी ओ, हॉस्पिटल, कॉलेज, फैक्टरियों, एवं हर एक व्यक्ति से एक पौधा माँ के नाम लगाने की अपील की है जिसमे किसी को भी पौधे की आवश्यकता है तो नगर निगम से पौधों की व्यवस्था कराई जाएगी और जो संस्थाए स्वम सक्षम है वह खुद भी पेड़ लगाए और अन्य लोगों से भी पौधे लगवाए और उपरोक्त पौधे के पालन पोषण का भी संकल्प लें जिससे भविष्य वह पेड़ शहर की प्रकृति के रूप में काम आ सकें और इसी प्रकार शहर में व्यापारी भी अपनी अपनी दुकान के सामने एक पेड़ लगाए और उसकी देख रेख करे भविष्य में दुकान के बाहर छांव रहेगी और शहर हित मे सदैव पेड़ प्रदूषण कम करता रहेगा। इसके साथ साथ औद्योगिक क्षेत्र के लोग भी उसी क्षेत्र में पौधरोपण करने का संकल्प लें क्योंकि सबसे अधिक प्रदूषण औद्योगिक क्षेत्र में ही पाया जाता है और पौधरोपण से औद्योगिक क्षेत्र के साथ साथ शहर का प्रदूषण कम होगा और शहरवासियों को भी सांस लेने के लिए अच्छी हवा मिलेगी, बल्कि जो लोग सक्षम है वह मियावाकी पद्धति से पौधरोपण करें, पूर्व में नगर निगम ने मियावाकी पद्धति से पौधरोपण किया है जो आज घना जंगल का रूप धारण कर चुका है और शहर हित मे प्रदूषण को रोकने का राम बान का कार्य कर रहा है।



# डासना क्षेत्र में कूड़े की समस्या: प्रशासन की उदासीनता से नागरिक परेशान





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** डासना नगर पंचायत के अंतर्गत देव हाइट्स के पीछे कूड़े की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। एक ओर जहां डासना क्षेत्र का कूड़ा इस क्षेत्र में डाला जा रहा है, वहीं दूसरी ओर नगर निगम की गाड़ियां भी नगर पंचायत डासना के देव हाइट्स समिति के पीछे कूड़ा डालने के लिए पहुंच रही हैं। यह देखा गया है कि नगर निगम वेव सिटी का कूड़ा डासना देहात दूधिया पीपल के पास फेंका जा रहा है, जबकि डासना देहात का कूड़ा नगर निगम की गाड़ियों में भरकर डासना के देव हाइट्स के कब्रिस्तान वाले रोड पर डाला जा रहा है। इस स्थिति से देव हाइट्स समिति के लोग खासे परेशान हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद भी कोई समाधान नहीं हुआ है। हैल्प एशियन फाउंडेशन संस्था द्वारा भी शिकायत दर्ज करवाई गई, लेकिन नगर पंचायत डासना की उदासीनता के कारण अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। इस तरह की लापरवाही से क्षेत्र में बीमारियां और प्रदूषण बढ़ रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने कई बार आवाज उठाई है, लेकिन किसी भी विभाग में कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। समिति के सदस्यों का कहना है कि अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे उग्र आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएंगे। प्रशासन से अपील है कि वे जल्द से जल्द इस मुद्दे का संज्ञान लें और उचित कार्रवाई करें ताकि डासना क्षेत्र के लोग स्वस्थ और सुरक्षित माहौल में जीवन जी सकें।

# आरएलडी के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने शहीद जवान लोकेश सहरावत की मूर्ति का किया अनावरण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रविवार को राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राज्यसभा सांसद तथा केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने शहीद जवान लोकेश सहरावत की मूर्ति के अनावरण किया। स्वागत करने के बाद क्षेत्रवासियों ने चित्तौड़ा कट को स्थाई रूप से बनवाने एवं यहां पर (एनएचएआई) द्वारा चेक बैरियर लगवाने के लिए केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कहा इसको मुद्दे को अब हम जल्दी ही नितिन गडकरी साहब से मिलकर पुख्ता करा देंगे। स्वागत करने वालों में चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी के साथ राष्ट्रीय प्रवक्ता एड. अजयवीर सिंह, क्षेत्रीय महासचिव सुशील तेवतिया, अरुण चौधरी भुल्लन, बिट्टू खंजरपुर, वीर सिंह सलेमाबाद, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप मुखिया, योगेंद्र पतला, मनोज राझड, पार्षद हिमांशु चौधरी, युवा राष्ट्रीय महासचिव सचिन त्यागी, अरविंद प्रधान, पूर्व प्रधान भूपेंद्र सिंह, तसव्वर प्रधान, इदरीश प्रधान, सचिन प्रधान, सलीम खान, हरेंद्र फौजी, दिलावर सिंह, सुशील कुमार, भीम सिंह, मनोज कुमार, ऋषिपाल सिंह, इंद्रपाल सिंह, आनंद सिंह, समरजीत सिंह, युजवेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, समीर चौधरी, गौरव प्रताप सिंह, सौरभ प्रताप सिंह, नवीन कुमार, वीरपाल सिंह, नीरज सिंह, रामकुमार सिंह, जगत सिंह, आदि सैकड़ो लोग इस अवसर पर मौजूद रहे।




## होता था कभी सड़क पर खड़े होकर स्वागत करना भी एक सियासी काम

पालिटिक्स में केवल धरने प्रर्दशन की अकेला काम नही होता है। सियासत में बड़े चेहरों के आगें छोटा होकर दिखाना भी सबसे बड़ा काम होता है। हाईवे और बाईपास ने कई चीजों को पालिटिक्स में आऊट ऑफ फैशन ही कर दिया। कोई दौर था जब सड़क पर खड़े होकर अपने नेता का इंतजार करना भी एक पैशन होता था। नेता जी दिल्ली से चले हैं ये फोन गाजियबाद के नेताओं के पास आ जाता था। और वो मेरठ रोड़ तिराहे पर माला लेकर खड़े हो जाते थे। इधर कार रूकी और उधर जोर जोर से जय जयकार शुरू हुई। हैंडपंप वाले गोयल से लेकर समाजवादी युवा बता देगें कि सड़को पर वैलकम तो खूब किया लेकिन उम्र इसी में निकल गई। अब वैलकम का भी फैशन खत्म हो गया। अब तो साईकिल वाले पंडारा रोड चले जाते हैं और फूल वाले माननीय जी से लेकर अपनी सुविधानुसार बनाये गये भगवा गॉडफादर के यहां। अब किसी बड़े चेहरे को फुर्सत नही है कि वो चार माला और 6 नारों के लिये कार से उतरे या कार का रूख मोड़े। अब हाईवे और एक्सप्रेस वे का जमाना है और वैलकम सड़क पर नही होते।

## ये रहेगा लोकसभा वालों के लिये बेस्ट वो इस बार उन्हे बना लें चीफ गेस्ट

शहर विधानसभा वाले जिला लोकसभा पहुंच गये हैं। वो केवल मैनेजमेंट गुरू ही नही हैं उन्हे सियासत में भी पहुंचा हुया खिलाड़ी माना ही जाता है। तरकश से तीर निकलने शुरू हो गये हैं और आसमान से शुरूआत की है। जमीन का भी नबंर आयेगा और वो पूछ भी रहे हैं कि हुजूर ए आला जरा पता तो चलें कि आपने हवाई जहाज उड़ाने के लिये क्या क्या कर डाला। कहने वाले ने कहा कि ऐसे मजा नही आयेगा मजा तो तब आयेगा जब वो आमने सामने होगें। फूल वालों ने ही कहा कि इस बार लोकसभा वालों के लिये द बेस्ट तो यही रहेगा कि वो पुरानी वाली रामलीला में उन्हे चीफ गेस्ट बना लें। अब मंच लोकसभा वालों के पास होगा तो वो शब्दों वाले पंच माईक से स्ट्राईक कर सकेगें। उनके तारीफ बाण का तो जमाना कायल है। वो उनके लहजों से कई बार बिस्मिल हुये हैं इस बार पता तो चले कि उनके तारीफ वालें तीरों से भी कोई घायल हैं।

## पीएम के हैलीपैड पर पहुंच गया था भाजपाई बन कर एक सपाई

साईकिल वाला अब फूल वाला हो गया है। मौहल्ले वाली दीदी ने उसके गले में पटका पहनवाया। फौज वाली दीदी ने उसे रेल कोच का हैड बनाकर मौज करा दी। अब वो अगर पुराने बसपाई के साथ लखनऊ में प्रदेश वाली मीटिंग में चला भी गया तो क्या तूफान आ गया। कहने वाले ने कहा कि यहां तो एक बार पीएम आये थे कमलानेहरू नगर में और हैलीपैड पर जब गुबार छंटा तो पीएम से हाथ ही सपाई मिला रहा था। उसके गले में पास भी था और बाद में पता चला कि मोदीनगर वाले पूर्व जिलाध्यक्ष बाहर ही खड़े रह गये थे और उनके पास पर कोई और ही पीएम के नजदीक पहुंच गया था। कम से कम पटेल नगर वालों ने ऐसा खेल तो नही करा वो गये तो वैलिड तरीके से ही कार्यकारिणी में थे और ये अलग बात है कि किसी बड़े चेहरें को लग रहा है कि उन्होने तो ऐसे जाकर खेल कर दिया ये भी सच है कि दोनो ने बड़े भाजपाईयों को भी फेल कर दिया।

# आई टी एस स्कूल, मोहन नगर में 29वें पीजीडीएम बैच के प्रतिभागियों हेतु ओरिएंटेशन प्रोग्राम एस्पिरेशन-2024 का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आई टी एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट मोहन नगर गाज़ियाबाद में 8 से 20 जुलाई 2024 तक 29वें पीजीडीएम (2024 -26) बैच के प्रतिभागियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम एस्पिरेशन -2024 का आयोजन किया गया। ओरिएंटेशन प्रोग्राम का उद्घाटने मुख्य अतिथि तीरथ सिंह रावत, पूर्व मुख्य मंत्री, उत्तराखंड, विशिष्ट अतिथि आमोद कंठ, सेवानिवृत्त आई पी एस एवं फाउंडर जनरल सेक्रेटरी, प्रयास जे ए सी सोसायटी, नीरज शरण, फाउंडर सह चेयरमैन एवं सीईओ, औरा इंडस्ट्रियल सिस्टम्स एल एल सी, यू एस ए, सौरभ शंकर, डायरेक्टर-एचआर, विवो इंडिया, डॉ अपराजिता प्रसाद, इंडिया सी एक्स लीडर, पी डब्लू सी इंडिया, शरद कुमार गुप्ता, वीपी-हेड जापानी जेओईएमबीयू, याजकी इंडिया प्रा०लि०, आई.टी.एस -द एजुकेशन ग्रुप निदेशक (पीआर) सुरेन्द्र सूद, आई टी एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक डॉ अजय कुमार एवं पीजीडीएम चेयर पर्सन डॉ अनुषा अग्रवाल द्वारा परंपरागत रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन छात्रों के बहुमुखी विकास के लिए किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को उत्साहित करना, संस्थान के विभिन्न नियमो और कॉरपोरेट जगत के बदलते परिवेश में सफलता के सूत्रों से परिचित कराना था। 20 जुलाई 2024 तक चले इस वाले ओरिएंटेशने प्रोग्रामे के दौरान विभिन्न सत्रों में शिक्षा जगत और कॉरपोरेट जगत के एक्सपट्र्स द्वारा मैनेजमेंट गेम्स, आइस ब्रेकिंग सत्र, बिजनेस इनसाइट्स, कॉरपोरेट टॉक्स, इंडस्ट्रियल विजिट्स एवं कॉरपोरेट एक्सपेक्टेशन एंड स्किल्स फॉर एस्पायरिंगे प्रोफेशनल्स विषय पर पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया।

# गाजियाबाद में मांस-मछली की दुकानें बंद, कमिश्नर ने दिए सख्त आदेश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पवित्र सावन माह और कांवड़ यात्रा महोत्सव के मद्देनजर गाजियाबाद नगर निगम साफ- सफाई की चौकस व्यवस्था की है। सफाई कर्मी राउंड द क्लॉक तीन शिफ्टों में काम करेंगे। कावड़ शिविर आयोजकों से भी सफाई व्यवस्था में सहयोग की अपील की गई है। नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने स्वास्थ्य विभाग को सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत कांवड़ यात्रा मार्ग पर तथा मंदिरों के आसपास मांस, मछली व अंडे की ठेली और दुकानों को बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। नॉनवेज से संबंधित सभी दुकानों को तीन अगस्त तक प्रतिबंधित कर दिया गया है। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने बताया कि नगरायुक्त के निर्देश का अनुपालन करने के निर्धारित कावड़ यात्रा मार्ग पर निरंतर निगरानी की जा रही है। कांवड़ यात्रा मार्गो को व्यवस्थित और सुंदर बनाने के साथ-साथ आसपास मांस मछली की दुकान या ठेली ना लगे इसका भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

# जाट युवक युवती परिचय सम्मेलन की कमान संभालेंगे अध्यक्ष राजकुमार चौधरी और महामंत्री अरूण चौधरी भुल्लन







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पारिवारिक जाट मिलन युवक युवती परिचय सम्मेलन के अगले कार्यक्रम को लेकर एक बैठक का आयोजन कविनगर स्थित एक बैंकट हॉल में किया गया। जाट युवक युवती परिचय सम्मेलन की तैयारी बैठक के दौरान समिति के लोगों ने अपनी आगामी योजना बनाई। बैठक के दौरान आगामी 6 अक्तूबर 2024 को परिचय सम्मेलन की तिथि तय हुई तथा पारिवारिक जाट मिलन युवक युवती परिचय सम्मेलन, वेव सिटी के एनआर ग्रांड में होना तय हुआ। चौधरी लेखराज सिंह की अध्यक्षता में चली इस बैठक में काफी महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा वार्ता करते हुए सर्वसम्मति से अध्यक्ष राजकुमार चौधरी कोट गांव और महामंत्री अरुण चौधरी भुल्लन को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस बैठक में अमरजीत सिंह बिड्डी, कवींद्र चौधरी, प्रताप चौधरी, अजय प्रमुख, राजकुमार चौधरी, मनोज चौधरी, सुनील चौधरी, डॉक्टर सरोज सिरोही, वंदना चौधरी, अरविंद तेवतिया, बॉबी चौधरी, प्रदीप चौधरी, सुधीर चौधरी, राहुल चौधरी, देवेन्द्र सांगवान, आनन्द चौधरी, पवन चौधरी, सुबोध चौधरी, एडवोकेट योगेंद्र चौधरी, लोकेश चौधरी, नरेश एडवोकेट, दीपक चौधरी, विक्रांत चौधरी, सतेंद्र तेवतिया, विनीत चौधरी, देवेंद्र चौधरी, देवेंद्र राजोरा सहित समाज के अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे। सभी ने नव नियुक्त अध्यक्ष राजकुमार कोट गांव और महामंत्री अरुण चौधरी भुल्लन को बधाई दी। बैठक के संपन्न होने पर बैठक की अध्यक्षता कर रहे लेखराज चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।




## अब होगा पुलिस की 21 दिनों की मेहनत का टेस्ट

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बीते लगभग 21 दिनों से लगातार कांवड यात्रा को लेकर मीटिंगों और तैयारियों का सिलसिला चल रहा था। अब कांवड़ यात्रा को लेकर की जा रही तैयारियों के टेस्ट की डेट शुरू हो चुकी है। हालांकि आज सावन का पहला ही सोमवार है। आने वाले सावन के सोमवार और शिवरात्रि के महाजलाभिषेक को लेकर पुलिस को अग्नि परीक्षा देनी होगी। वहीं जैसे जैसे शिवरात्रि के दिन नजदीक आएंगे वैसे-वैसे भीड़ व लोड आएगा। वहीं डाक कांवड़ के दौरान होने वाली भीड़ और रूट डायवर्जन का प्लान बताएगा की प्लानिंग कितनी दमदार रही है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के नए-नए अधिकारियों की प्लानिंग कैसे हिट होती है, यह भी देखने लायक होगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि रविवार को कमिश्नरेट के सबसे बड़े साहब ने सड़क पर उतरकर खुद कांवड़ यात्रा का रूट और प्लानिंग जांची है। उधर कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि 28 जुलाई से लेकर 02 अगस्त तक कई अधिकारियों की रात की नींद जाएगी। तो वहीं कुछ



को सुबह से लेकर शाम तक आने वाली कांवड़ यात्रा के शोर से भी दो-चार होना पड़ेगा। वहीं पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के अंतर्गत दूधेश्वर वाले मंदिर की तैयारी की रिपोर्ट बाबा के दरबार में लखनऊ तक जाती है। देखना होगा कि इस बार सिटी वाली पुलिस इस सबसे बड़े शिवालय की सुरक्षा, रक्षा और दर्शन से लेकर भीड़ के प्रदर्शन को कैसे कंट्रोल करती है। वहीं ट्रैफिक व्यवस्था कांवड़ यात्रा के दौरान सबसे बड़ा मैनेजमेंट रहता है, इस मैनेजमेंट में अगर सफलता मिल गई तो मानिए कि बीते 21 दिनों की प्लानिंग का टेस्ट पास ही माना जाएगा। वैसे कहने वाले कह रहे हैं कि जिस तरह से इस बार ट्रैफिक के प्लान को लेकर लगातार सोशल मीडिया और मीडिया का दौरा चला है इससे राहत मिलेगी। वहीं देखना होगा कि हादसों और हंगामो में कितनी कमी आती है। वैसे कांवड़ यात्रा का असली जोर अगले ही सप्ताह से देखने को मिलेगा। कुल मिलाकर कांवड़ को लेकर सरकार और शासन दोनों की मंशा है कि बेहतर ढंग से संपन्न करवाई जाए। अब देखना होगा कांवड़ यात्रा के दौरान कौन-कौन अधिकारी किस रुप में नजर आता है। बाबा के भक्तों के जरिये कमिश्नरेट की खाकी क्या संदेश देने का काम करती है।

# गुरु दरबार की सेवा से ही भक्त का कल्याण होता है : सतपाल महाराज





**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में गंग नहर स्थित श्री हंस इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रांगण में मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में गुरु पूजा के पावन पर्व पर दो दिवसीय विशाल सत्संग समारोह के समापन अवसर पर सुविख्यात समाजसेवी व आध्यत्मिक गुरु सतपाल महाराज ने कहा कि बिना गुरु ज्ञान के हृदय के अंदर अंधकार ही अंधकार होता है, इसलिए गुरु महाराज के पास जाकर श्रद्धा से ज्ञान प्राप्त करना और ज्ञान का भजन करना बहुत जरूरी है। आपने देखा होगा बहुत से लोग चीज खरीदते हैं और उनका उपयोग नहीं करते। हमने खरीदी और रख दी तो जब उसका उपयोग ही नहीं करेंगे, तब उसका लेना, न लेना बराबर हो गया। इसलिए गुरु दरबार में जो भक्त श्रद्धा से सेवा करता है उसका निश्चित रूप से भजन में मन भी लगता है और उसका निश्चित रूप से कल्याण होता है। महाराज ने आगे कहा कि जैसे स्वच्छता अभियान में हम कूड़ा, कचरा हटा कर सफाई करते हैं, उसी प्रकार अपने अंदर का भी कूड़ा हमें बाहर निकाल कर फेंकना पड़ेगा। अंदर की स्वच्छता भी हमें करनी होगी। जब हमारा मन स्वच्छ होगा, निर्मल होने लगेगा तो धीरे-धीरे यह संसार हमें प्रभुमय दिखाई देने लगेगा। हम कभी किसी जीव या प्राणी का अनहित नहीं करेंगे।

इसलिए जीवन में हमेशा यह ध्यान रखना चाहिए कि गुरु के द्वारा बताए हुए आध्यात्मिक मार्ग को आत्मसात कर अपने जीवन को तो सफल बनाएंगे ही तथा दूसरों के प्रति करुणा, प्रेम, दया, क्षमा का भाव रखते हुए तथा अध्यात्म के मार्ग से जोड़ते हुए उसे भी आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे, यही आध्यात्मिक ज्ञान सिखाता है, बताता है। श्री महाराज ने बताया कि प्रत्येक धाम का दुर्घटना बीमा 2.50 (ढाई करोड़) करोड का निर्धारित किया गया है। दर्शनार्थियों की सुरक्षा बीमा के तहत मानव उत्थान सेवा समिति ने बीमा प्रीमियम की धनराशि सेवाकर सहित 3,67,995 (तीन लाख सड़सठ हजार नौ सौ पिचानबे) की धनराशि का चैक बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति को सौंप दिया है। गुरुपूजा महोत्सव के अवसर पर में श्री महाराज जी ने वृक्षा रोपण करते हुए सभी को पर्यावरण की रक्षा के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया। समारोह में पूज्य माता अमृता जी व पूज्य विभु महाराज ने भी भक्त समाज को अपने सारगर्भित विचारों से ज्ञान प्राप्त कर ईश्वरीय साधना व गुरु दरबार की सेवाओं को करने के लिए मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम से पूर्व श्री महाराज, पूज्य माता मृता व अन्य विभूतियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। सत्संग में अनेक संत-महत्माओं व विद्वानों ने अपने विचार रखे। मंच संचालन महात्मा हरिसंतोषानंद जी ने किया।

# दिल्ली में मिला अनोखा शिवभक्त: हरिद्वार से ला रहा है 161 लीटर जल की कांवड़



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** स्वयं तैयार की गई विशेष कांवड़ में 161 लीटर जल भरे कलश रखकर शिव भक्त अंकित गंतव्य की ओर रवाना हो गया है। भारी भरकम कांवड़ लेकर हरिद्वार से 170 किमी पैदल यात्रा कर अंकित दिल्ली रोड मोद्दीनपुर पहुंचा। दिल्ली पहुंचते ही शिव भक्त अंकित का जोरदार स्वागत किया जाएगा। ढोल नगाड़ों की थाप पर शिव भक्तों ने जमकर डांस किया। 161 लीटर जल की कांवड़ लेकर शोभित त्यागी हरिद्वार से दिल्ली पहुंच गया है। अंकित के नगर पहुंचते ही नगर वासियों ने फूल माला पहनाकर उनके स्वागत में पुष्प वर्षा की जाएगी। अंकित ने बताया कि आस्था, विश्वास और सनातन धर्म को बढ़ाने के लिए 16 वीं कांवड़ लेकर आ रहे हैं। हर वर्ष 20 लीटर जल बड़ा देते है। ये लगा तार चल रहा है। अंकित ने बताया कि इससे पहले भी वह 121 व 111 लीटर और लीटर जल की कांवड़ लाकर बुरहाडी प्राचीन मंदिर में चढ़ा चुके हैं। उन्होंने ने बताया कि वह गांव के प्राचीन मंदिर में 161 लीटर जल की कावड़ से भोलेनाथ का जल अभिषेक करेंगे। अंकित के मोहल्ले में पहुंचने से पहले ही तैयारियों में जुट जाते है लोग। युवा शिव भक्तों के पहुंचने से पहले युवा तैयारियों में जुट गए हैं। मोहल्ले पहुंचने पर भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि 18 मई को हरिद्वार से जल लेकर चले थे। हर रोज 6 से 7 किलोमीटर ही चना होता है। 30 जुलाई तक अपनी मंजिल तक पहुंचे की उमीद है। ओर अपनी टीम में 6 युवा साथ है जो साथ चल रहे है।

# लाश के पास तीन दिन तक बैठी रहीं मां-बेटी

## बदबू आने पर पता चला, पुलिस से मां बोली- बेटा सो रहा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के लिंक रोड इलाके में 14 साल के लड़के की मौत हो गई। मां और बेटी तीन दिन तक उसकी लाश के पास बैठी रहीं। जब पड़ोसियों को दुर्गंध आई और उन्होंने दरवाजा नहीं खोला, तब पुलिस के पास खबर पहुंची। इसके बाद पुलिस वहां आई और दरवाजा खुलवाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। पता चला है कि मां और बेटा-बेटी मानसिक रूप से परेशान थे, तीनों का पहले से इलाज चल रहा है।

**फर्श पर पड़ा था 14 वर्षीय तेजस का शव**

लिंक रोड थाना पुलिस को रविवार सुबह 11 बजे सूचना मिली कि चंद्रनगर में एक फ्लैट से बदबू आ रही है और गेट भी नहीं खुल रहा है। इस सूचना पर पुलिस वहां पहुंची। पुलिस ने कारपेंटर की मदद से दरवाजा खुलवाया तो अंदर का



नजारा देखकर हैरान रह गए। एक किशोर की लाश फर्श पर पड़ी हुई थी। उसकी पहचान 14 वर्षीय तेजस के रूप में हुई। लाश के पास ही मां कोमल और 22 वर्षीय बेटी काव्या बैठी हुई थीं।

**मानसिक रूप से अस्वस्थ है पूरा परिवार**

पुलिस के पहुंचते ही मां ने कहा कि बेटा सो रहा है। इसे मत जगाओ। पुलिस ने बताया कि तेजस के शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं था। उसके पूरे शरीर से बदबू उठ रही थी। शव को तत्काल पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस जांच में पता चला कि मां और दोनों बच्चे मानसिक रूप से परेशान रहते हैं। दिल्ली के अस्पताल से उनका इलाज चल रहा है। कोमल के पति अमित जैन की करीब 12 साल पहले मृत्यु हो गई थी। इसके बाद से ही पूरा परिवार मानसिक रूप से अस्वस्थ हो गया था।

**भाई के खर्चे पर चलता था ये परिवार**

पुलिस ने महिला के भाई प्रशांत जैन से जानकारी की। प्रशांत ने बताया कि मैं ही अपनी बहन और उसके परिवार का खर्चा चलाता हूं। मैं उनके अकाउंट में पैसे डाल देता हूं और वो एटीएम से उसको निकाल लेते हैं। ये भी पता चला कि यह परिवार ज्यादातर ऑनलाइन खाना मंगाता था। प्रशांत जैन ने ये भी बताया कि कई बार वे भी यहां पर आते थे, लेकिन दरवाजा खुलता नहीं था। पूरे प्रकरण में पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# एचआरआईटी विश्वविद्यालय में आईपीआर और सरकारी वित्त पोषण के अवसरों पर इंटरएक्टिव सेमिनार का आयोजन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एचआरआईटी विश्वविद्यालय ने एमएसएमई टीम के सहयोग से बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) और सरकारी परियोजनाओं और वित्त पोषण के अवसरों पर एक सूचनात्मक और इंटरएक्टिव सेमिनार का आयोजन किया। इस सेमिनार का उद्देश्य छात्रों और संकाय को उनके नवाचारी विचारों की सुरक्षा और सरकारी समर्थन प्राप्त करने के लिए आवश्यक ज्ञान और व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था।

सेमिनार में डॉ. रामकृष्णन, उप निदेशक, एमएसएमई दिल्ली, सुभाष चंद, सहायक निदेशक, एमएसएमई दिल्ली, आशीष शर्मा, मालिक और अधिवक्ता, उच्च न्यायालय, आई.पी. नेशन, साहिबाबाद, डॉ. राजेश सिंह, अनुसंधान और नवाचार निदेशक, उत्तरांचल विश्वविद्यालय, देहरादून, डॉ. अनीता गहलोत, एचओडी अनुसंधान और नवाचार, उत्तरांचल विश्वविद्यालय, देहरादून पुरेंदु कुमार, गाजियाबाद के प्रतिष्ठित वक्ताओं ने भाग लिया। सेमिनार को एचआरआईटी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अनिल अग्रवाल, प्रोकुलपति, डॉ. अंजुल अग्रवाल, प्रबंध निदेशक डॉ. वैशाली अग्रवाल के प्रतिष्ठित नेतृत्व द्वारा आरंभ और समर्थन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विनोद और डॉ. एन.के. शर्मा द्वारा किया गया और इसका समन्वय रंजना शर्मा और डॉ. शबनम जैदी द्वारा किया गया। डॉ. निरदोष अग्रवाल, डॉ. अनिल त्यागी, डॉ. प्रभाकर और सभी संकाय सदस्यों ने इसमें भाग लिया और प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी अतुल भूषण द्वारा सहायता प्रदान की गई। प्रतिभागियों ने हाथों-हाथ इंटरएक्टिव सत्रों में भाग लिया, जिससे उन्हें आईपीआर और सरकारी वित्त पोषण से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक अनुभव और स्पष्टता प्राप्त हुई। सेमिनार का समापन प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जहां छात्रों और संकाय ने विशेषज्ञों से सीधे अपने सवाल पूछने का अवसर प्राप्त किया।

# सावन के पहले सोमवार पर इस तरह करें पूजा की तैयारी



**नई दिल्ली।** सावन के पहले सोमवार पर भगवान शिव की पूजा के लिए सबसे पहले आपको जो भी सामग्री चाहिए उसे आज ही घर ले आइये। भगवान शिव के भजनों की लिस्ट तैयार कर लीजिए। इसके अलावा, अगर आपके घर में शिवलिंग स्थापित है या मंदिर में शिव जी हैं तो मंदिर को अच्छे से सजाएं। शिवलिंग के श्रृंगार का सामान भी लेकर आएं। साथ ही, भगवान शिव को भोग लगाने के लिए भी उनकी प्रिय चीजें बनाने की तैयारी आज से ही शुरू कर दें।

सावन के पहले सोमवार पर यानीं कि 22 जुलाई को सुबह ब्रह्म मुहूर्त से लेकर रात को 11 बजकर 40 मिनट तक सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। इसके अलावा, श्रवण नक्षत्र में प्रीति योग भी निर्मित हो रहा है। साथ ही, सुबह 5 बजकर 57 मिनट से दोपहर के 12 बजकर 5 मिनट तक पुष्कर योग का भी साया रहने वाला है। इन तीनों ही योगों को ज्योतिष गणना में पूजा एवं शिवलिंग अभिषेक के लिए बहुत शुभ माना जाता है।

आप भी इस लेख में दी गई जानकारी के माध्यम से यह जान सकते हैं कि आखिर सावन के पहले सोमवार पर पूजा की तैयारियां आप कैसे कर सकते हैं, सावन के पहले सोमवार पर कौन से शुभ योग बन रहे हैं और पहले सोमवार पर क्या-क्या उपाय किये जा सकते हैं। अगर हमारी स्टोरीज से जुड़े आपके कुछ सवाल हैं, तो वो आप हमें आर्टिकल के नीचे दिए कमेंट बॉक्स में बताएं। हम आप तक सही जानकारी पहुंचाने का प्रयास करते रहेंगे। अगर आपको ये स्टोरी अच्छी लगी है, तो इसे शेयर जरूर करें।

### सावन का पहला सोमवार 2024 पर कौन से उपाय कर सकते हैं?

सावन के पहले सोमवार पर आप कुछ छोटे-छोटे उपाय भी अपना सकते हैं जैसे कि एक मुट्ठी अनाज शिवलिंग पर अर्पित करें और फिर एक और मुट्ठी अनाज किसी को दान कर दें। शिवलिंग पर तिल मिला हुआ जल अर्पित करें। शिवलिंग पर चंदन का लेप लगाएं। तीन पत्ती वाले बेलपत्र पर ॐ लिखकर अर्पित करें। इसके अलावा, आप चाहें तो सावन के पहले सोमवार पर शिवलिंग पर चांदी का छत्र भी चढ़ा सकते हैं।

## सावन के पहले सोमवार को पांच अद्भुत संयोग



### पहला योग

सावन के पहले सोमवार पर प्रीति योग बन रहा है और इस योग के स्वामी स्वयं भगवान नारायण हैं। पुराणों में बताया गया है कि प्रीति योग सदा मंगल करने वाला और भाग्य को बढ़ाने वाला होता है।

### दूसरा योग

आयुष्मान योग बन रहा है। भारतीय संस्कृति में लोग आयुष्मान भव : कहकर आशीर्वाद देते हैं अर्थात यह आशीर्वाद लंबी आयु के लिए दिया जाता है।

### तीसरा योग

सावन के पहले सोमवार को चंद्रमा और मंगल एक दूसरे से नौवें और पांचवे भाव में मौजूद रहेंगे, जिससे नवम पंचम राजयोग का निर्माण हो रहा है। इस योग में शिव पूजन करने से कुंडली में मौजूद सभी ग्रह दोष दूर होते हैं।

### चौथा योग

सावन के पहले सोमवार को शश राजयोग बन रहा है क्योंकि इस दिन शनि स्वराशि कुंभ में रहने वाले हैं। शश योग के स्वामी शनिदेव हैं, जो भगवान शिव के शिष्य हैं। इस योग में भगवान शिव की पूजा अर्चना करने से शनि के अशुभ प्रभाव में कमी आती है। साथ ही शनि की साढ़ेसाती और ढैय्या का बुरा प्रभाव नहीं पड़ता है। इस योग में की गई पूजा से हर परेशानी दूर हो जाती है।

### पांच योग

सावन के पहले सोमवार को सर्वार्द्ध सिद्ध नामक शुभ योग का निर्माण भी हो रहा है। जैसा कि इसके नाम से जानकारी मिल रही है कि यह योग सभी कार्यों को सिद्ध करता है।

# इजरायल ने लेबनान पर किए हवाई हमले, चार बच्चों समेत सात लोग घायल

**बेरूत।** इजरायल-हमास युद्ध के बीच इजरायली सेना गाजा के अलावा अन्य जगहों पर भी कार्रवाई कर रही है। इसी बीच इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान के विभिन्न इलाकों में हवाई हमले किए हैं। इसमें चार विस्थापित सीरियाई बच्चों सहित सात लोग घायल हो गए हैं। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने शनिवार को बताया कि इजरायली ड्रोन और फाइटर विमानों ने हौला के दक्षिण-पूर्वी गांव में एक घर पर हवाई हमला किया, जिसमें तीन नागरिक घायल हो गए। इसके अलावा कई घर भी तबाह हो गए। इसके साथ ही एक अन्य इजरायली ड्रोन ने दक्षिण-पूर्वी शहर मरजायून के बुर्ज अल-मुलुक क्षेत्र में भी हमला किया। इसकी चपेट में आने से वहां मौजूद चार सीरियाई बच्चे घायल हो गए।



**राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान ही एकमात्र रास्ता है। हम तनाव कम करने व शांति की दिशा में संयुक्त राष्ट्र संकल्प 1701 के पूर्ण कार्यान्वयन के लिए अपनी शक्ति के मुताबिक सब कुछ करना जारी रखेंगे।**

इजरायल के हवाई हमले के बीच हिजबुल्लाह ने एक बयान में कहा कि उसके लड़ाकों ने अल-मनारा साइट के क्षेत्र में मौजूद इजरायली सैनिकों को निशाना बनाया है।

वहीं, लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बलों के प्रवक्ता एंड्रिया टेनेंटी ने शनिवार को कहा कि लेबनान और इजराइल के बीच कूटनीतिक समाधान संभव है। उन्होंने दोनों पक्षों से युद्ध विराम का भी आह्वान किया।

टेनेंटी ने कहा कि लेबनान और इजराइल के दलों ने दुश्मनी को खत्म करने और स्थायी युद्ध विराम की दिशा में आगे बढ़ने के लिए संयुक्त राष्ट्र संकल्प 1701 के महत्व पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान ही एकमात्र रास्ता है। हम तनाव कम करने व शांति की दिशा में संयुक्त राष्ट्र संकल्प 1701 के पूर्ण कार्यान्वयन के लिए अपनी शक्ति के मुताबिक सब कुछ करना जारी रखेंगे। बता दें कि 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमास के हमले के बाद हिजबुल्लाह द्वारा इजरायल की ओर रॉकेट दागे गए, जिसके बाद से ही लेबनान-इजरायल सीमा पर तनाव बढ़ा हुआ है। हालांकि, हिजबुल्लाह के हमलों का इजरायल की ओर से भी जवाब दिया गया और इजरायली सेना ने हिजबुल्लाह के ठिकानों पर जमकर हमले किए। इस बीच हिजबुल्लाह के महासचिव हसन नसरल्लाह ने चेतावनी दी है कि युद्ध छिड़ने की स्थिति में इजरायल की कोई भी जगह उनकी मिसाइलों से सुरक्षित नहीं रहेगी।

# दो वर्ष बाद शेर बहादुर देउबा बनेंगे प्रधानमंत्री, केपी शर्मा ओली ने किया सात सूत्रीय समझौते का खुलासा

**नेपाल।** नेपाल में हाल ही में बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम देखने को मिला है। केपी शर्मा ओली को हाल ही में नेपाल की का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है। अब केपी शर्मा ओली ने अपनी पार्टी सीपीएन-यूएमएल और नेपाली कांग्रेस के बीच हुए सात सूत्रीय समझौते का खुलासा किया है। इस समझौते के अनुसार दो वर्ष सरकार चलाने के बाद केपी शर्मा ओली, शेर बहादुर देउबा को नेपाल की सत्ता सौंप देंगे।

### केपी शर्मा ओली ने किया सात सूत्रीय समझौते का खुलासा

दरअसल केपी शर्मा ओली ने संसद में विश्वास मत हासिल करने के लिए अपना प्रस्ताव पेश किया। इस दौरान पीएम ओली ने दो सप्ताह पहले अपनी पार्टी सीपीएन-यूएमएल और देउबा की पार्टी नेपाली कांग्रेस के बीच हुए समझौते की जानकारी दी। संसद को संबोधित करते हुए केपी शर्मा ओली ने कहा, सात सूत्रीय समझौते के अनुसार, मैं अगले दो वर्ष के लिए सरकार चलाऊंगा। इसके बाद अगले डेढ़ वर्ष के लिए शेर बहादुर देउबा नेपाल की सत्ता संभालेंगे।



### सात सूत्रीय समझौते की खास बातें?

सात सूत्रीय समझौते के अनुसार, देश में राजनीतिक स्थिरता बनाने के लिए एक सर्वसम्मति की सरकार का गठना करने के रूप में पहला काम होगा। इसके अलावा देश में भ्रष्टाचार को खत्म करना और सुशासन स्थापित करना, राजनीतिक स्थिरता के लिए संविधान में संशोधन करना और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर भी काम होगा।

### अब तक समझौते को गुप्त रखा गया था

आपको बता दें कि अब तक ओली और देउबा के बीच हुए समझौते को गुप्त रखा गया था। इससे सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार के नेताओं के बीच भ्रम की स्थिति बनी हुई थी। पूर्व में नेपाली कांग्रेस के महासचिव गगन थापा ने भी इस समझौते को संसद में सार्वजनिक करने की मांग की थी। इससे पहले सोमवार को केपी शर्मा ओली ने नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली थी। दरअसल, संसद में पूर्व पीएम पुष्प कमल दहल ने विश्वास मत खो दिया था।

# पिछले एक सप्ताह में चीन में भारी बारिश के कारण बाढ़, अब तक 20 की मौत, 60 से अधिक लापता



**बीजिंग।** उत्तरी और दक्षिण-पश्चिमी चीन में अचानक बाढ़ आने से लगभग 20 लोगों की मौत हो गई, कई लोग लापता हैं। पिछले सप्ताह हुई भारी बारिश के कारण यहां बाढ़ आई है, यही नहीं एक दिन पहले पुल ढहने से 12 लोगों की मौत हो गई थी। चीन में अचानक बाढ़ आने से स्थिति गंभीर हो गई है। बाढ़ से 20 लोगों की मौत की खबर आ रही है। वहीं दर्जनों लोग लापता हो गए हैं। वहीं बीते रोज बाढ़ के कारण एक पुल भी ढह गया था। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि वह पुल के पास पहुंच गया था, लेकिन अन्य वाहन चालकों के चिल्लाने की आवाज आई वे मुझे ब्रेक लगाने और कार रोकने के लिए कह रहे थे। उपनाम मेंग ने बताया कि मेरे सामने एक ट्रक नहीं रुका और पानी में गिर गया। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने लापता लोगों को ढूंढने के लिए बचाव और राहत प्रयास करने का आग्रह किया है। इसी बीच दक्षिण-पश्चिमी सिचुआन प्रांत के याआन कस्बे में रातभर भयंकर तूफान के कारण आई बाढ़ के बाद शनिवार को 30 से अधिक लोग लापता बताए हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार शनिवार शाम तक आठ शव बरामद कर लिए गए थे, जबकि चार लोगों को बिना गंभीर चोट के बचा लिया गया। वहीं शुक्रवार को शांक्सी के बाओजी शहर में बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन के कारण कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और आठ लापता हो गए। मीडिया रिपोर्ट में कीचड़ भरे पानी से पूरी तरह घिरे इलाकों की तस्वीरें प्रसारित की गई। जहां खुदाई करने वाले और निवासी नुकसान को साफ करने का प्रयास कर रहे हैं। मध्य चीन में शांक्सी के पड़ोसी अर्ध-रेगिस्तानी प्रांत गांसू और हेनान भी इस सप्ताह भारी बारिश से प्रभावित हुए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, चीन इस समय अत्यधिक गर्मी का सामना कर रहा है, जहां पूर्व और दक्षिण में भारी बारिश हो रही है, जबकि उत्तर का अधिकांश भाग लगातार गर्म लहरों की चपेट में है।

### जलवायु परिवर्तन के कारण पहले भी हुए हादसे

जलवायु परिवर्तन, जिसके बारे में वैज्ञानिकों का कहना है कि ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के कारण यह और भी अधिक गंभीर हो गया है, ऐसी चरम मौसमी घटनाओं को अधिक बार-बार तथा अधिक तीव्र बना रहा है। मई में, दक्षिणी चीन में कई दिनों की बारिश के बाद एक राजमार्ग ध्वस्त हो गया, जिसमें 48 लोग मारे गये। वहीं इस माह, पूर्वी चीन के एक कस्बे से एक बवंडर गुजरा, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, 79 घायल हो गए तथा भारी क्षति हुई।

### दस्तक दे सकता है उष्णकटिबंधीय तूफान

इस सप्ताह दो उष्णकटिबंधीय चक्रवात चीन के पूर्वी समुद्र तट पर तूफान और भारी वर्षा लेकर आएंगे, जिनमें से पहला रविवार को भूस्खलन करेगा, जबकि सप्ताहांत में देश के आंतरिक भागों में घातक बाढ़ आई थी। राष्ट्रीय पूवार्नुमानकताओं ने इसका नाम प्रपिरून रखा है। रविवार रात को एक शक्तिशाली उष्णकटिबंधीय तूफान के रूप में चीन के सुदूर दक्षिणी द्वीप प्रांत हैनान में दस्तक देगा। यह इस वर्ष चीन में आने वाला पहला उष्णकटिबंधीय चक्रवात होगा। रविवार की सुबह फिलीपींस की राजधानी मनीला से लगभग 530 किमी. (330 मील) उत्तर-पूर्व में था, के ताइवान के उत्तरी सिरे से गुजरने तथा उसके बाद 50 मीटर प्रति सेकंड (180 किमी. प्रति घंटे) की गति से हवा चलने के कारण तूफान के रूप में चीन में दस्तक देने की संभावना है।

# ताइवान पर चीनी हमले का खतरा बढ़ा
## 60 प्रतिशत ताइवानी हैं 'ड्रैगन' से खौफजदा

**ताइवान।** एक सर्वेक्षण में खुलासा हुआ है कि ताइवान पर चीन के हमले का खतरा बढ़ गया है। ताइवान के लोगों ने खुद ये बात स्वीकार की है। ताइवान स्थित एकेडेमिया सिनिका द्वारा किए गए सर्वेक्षण में दावा किया गया है कि ताइवान के लगभग 60 प्रतिशत निवासियों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में ताइवान के विरुद्ध चीन का खतरा बढ़ गया है।





### 80 फीसदी लोग ताइवान और चीन को एक देश नहीं मानते

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एकेडेमिया सिनिका के यूरोपीय और अमेरिकी अध्ययन संस्थान के सहायक अनुसंधान फेलो जेम्स ली ने कहा, 'सर्वेक्षण में इस बात पर चर्चा की गई कि संयुक्त राज्य अमेरिका की विश्वसनीयता और समय के साथ इसमें किस तरह का बदलाव आया है और चीन का खतरा कितना बढ़ा है, साथ ही ताइवान के लोग अमेरिकी और चीनी संकेतों को किस तरह देखते हैं।' खास बात ये है कि 80 फीसदी ताइवान के लोग मानते हैं कि चीन और ताइवान एक देश नहीं हैं। वहीं 13 फीसदी लोगों का मानना है कि चीन और ताइवान एक ही देश हैं।

सर्वेक्षण रिपोर्ट में अमेरिकी विश्वसनीयता में 7.2 प्रतिशत अंकों की वृद्धि देखी गई है, जो साल 2023 के 34 प्रतिशत से बढ़कर इस साल 41 प्रतिशत हो गई है। ताइवान के लोग इस बात पर भी एकमत नहीं हैं कि अगर ट्रंप, अमेरिका के राष्ट्रपति चुने जाते हैं तो फिर अमेरिका ताइवान का बचाव करेगा या नहीं। यह सर्वेक्षण ऐसे समय हुआ है, जब चीन और ताइवान के बीच तनाव बढ़ रहा है। हाल ही में भी ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि चीन के 22 पीएलए विमानों और 8 पीएलएएन जहाजों ने ताइवान की सीमा का उल्लंघन किया। ताइवान की सेना भी वार्षिक हान कुआंग सैन्य अभ्यास कर रही है। ताइवानी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हाल के वर्षों में ताइवान के लिए सैन्य खतरा बढ़ा है।

# पाकिस्तान ने इस्राइली प्रधानमंत्री को बताया आतंकवादी, यहूदी देश के उत्पादों पर भी लगाया प्रतिबंध

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सरकार ने कहा है कि वह इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को आतंकवादी मानती है। पाकिस्तान ने मांग की कि फलस्तीनियों के खिलाफ युद्ध अपराध के लिए नेतन्याहू को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के राजनीति और सार्वजनिक मामलों पर सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने कहा कि 'नेतन्याहू एक आतंकवादी हैं और युद्ध अपराध के दोषी हैं।'

### गाजा में राहत सामग्री भेजेगी पाकिस्तान सरकार

पाकिस्तान और इस्राइल के बीच सीधा कोई व्यापारिक संबंध नहीं है, लेकिन कई पश्चिमी ब्रांड इस्राइली उत्पाद पाकिस्तान में बेचते हैं। राणा सनाउल्लाह ने कहा कि हम न केवल इस्राइल का बहिष्कार करेंगे बल्कि इससे संबंधित सभी उत्पादों और उन कंपनियों का भी बहिष्कार करेंगे, जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से क्रूर ताकतों की मदद कर रही हैं। ऐसे उत्पादों की पहचान के लिए एक समिति बनाई जाएगी। पाकिस्तान सरकार ने तहरीक ए लब्बैक पार्टी से ये वादा भी किया कि पाकिस्तानी सरकार महीने के अंत में फलस्तीनियों की मदद के लिए एक हजार टन से अधिक राहत सामग्री भेजेगी। इस महीने की शुरूआत में, पाकिस्तान ने गाजा के फलस्तीनी मेडिकल छात्रों को पाकिस्तान में अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए छात्रवृत्ति की घोषणा भी की।



### तहरीक ए लब्बैक पार्टी के हजारों समर्थकों ने किया विरोध प्रदर्शन

राणा सनाउल्लाह ने कहा कि पाकिस्तान में ऐसी कंपनियों और उत्पादों की पहचान के लिए एक समिति भी गठित की गई है, जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इस्राइल या फलस्तीनियों के खिलाफ युद्ध अपराध करने वाली ताकतों को बढ़ावा दे रही हैं। पाकिस्तान की धार्मिक और राजनीतिक पार्टी तहरीक ए लब्बैक पाकिस्तान के हजारों समर्थकों ने इस्लामाबाद में गाजा युद्ध के खिलाफ सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध कार्यक्रम में राणा सनाउल्लाह भी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने गाजा में तत्काल युद्ध विराम की मांग की और पाकिस्तानी सरकार से इस्राइली प्रधानमंत्री को आतंकवादी घोषित करने की अपील की।

# ट्रंप ने एक चौथाई इंच से भी कम दूरी से मौत को चकमा दिया, पूर्व डॉक्टर बोले- ये चमत्कार से कम नहीं

**वाशिंगटन।** रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प गोली के घाव से उम्मीद के मुताबिक ठीक हो रहे हैं। ट्रंप के पूर्व डॉक्टर ने यह जानकारी दी। डोनाल्ड ट्रंप पर 13 जुलाई को पेंसिल्वेनिया में रैली के दौरान जानलेवा हमला हुआ था उस हमले में ट्रंप बाल-बाल बचे थे और गोली उनके दाहिने कान को छूकर निकल गई थी। ट्रंप के पूर्व डॉक्टर ने बताया कि जानलेवा हमले में ट्रंप का बचना किसी चमत्कार से कम नहीं है क्योंकि उन्होंने महज एक चौथाई इंच से भी कम की दूरी से मौत को चकमा दिया।

### गोली लगने से ट्रंप के कान में हुआ 2 सेमी चौड़ा घाव

शनिवार को डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व डॉक्टर डॉ. रोनी एल जैक्सन ने कहा कि 'वह और पूरी दुनिया, ट्रंप पर हत्या के प्रयास के बाद उनके स्वास्थ्य के बारे में बहुत चिंतित थे। मैं उस शाम देर से बेडमिंस्टर, न्यू जर्सी में उनसे मिला, ताकि व्यक्तिगत रूप से उनका हालचाल जान सकूं। उसके बाद से मैंने प्रतिदिन उनके घाव का मूल्यांकन और उपचार किया है।' डॉक्टर ने कहा, 'वह ठीक हैं। जैसा कि पूरी दुनिया ने देखा कि हत्यारे की उच्च शक्ति वाली राइफल से ट्रंप के दाहिने कान में गोली लगी।' डॉ. जैक्सन ने बताया कि गोली उनके सिर में घुसने से एक चौथाई इंच से भी कम दूरी पर निकल गई और उनके दाहिने कान के ऊपर लगी, जिससे 2 सेमी चौड़ा घाव हो गया जो कान की कार्टिलाजिनस सतह तक फैल गया।'



### बाइडन की तबीयत में आ रहा सुधार

कोरोना संक्रमित अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की तबीयत में तेजी से सुधार आ रहा है और वह राष्ट्रपति पद के कर्तव्यों को भी पूरा कर रहे हैं। व्हाइट हाउस के डॉक्टर केविन सी ओ कॉनर ने बताया कि राष्ट्रपति बाइडन कोरोना के वैरिएंट केपी .2.3 से संक्रमित हैं और इसी वैरिएंट से अमेरिका में 33 प्रतिशत संक्रमण के नए मामले सामने आए हैं। डॉक्टर ने बताया कि राष्ट्रपति बाइडन पैक्सलोविड नामक दवाई खा रहे हैं। अभी उन्हें खांसी और गला बैठने जैसी समस्या हो रही है, लेकिन उनके लक्षणों में लगातार सुधार हो रहा है।

### 'ट्रंप का बचना किसी चमत्कार से कम नहीं'

उन्होंने कहा कि 'शुरू में काफी रक्तस्राव हुआ और उसके बाद पूरे ऊपरी कान में सूजन आ गई। अब सूजन ठीक है और घाव भी ठीक हो रहा है। ट्रंप के सिर का सीटी स्कैन किया गया था और आगे भी उनकी हालत पर लगातार नजर रखी जाएगी। खासकर ट्रंप के सुनने की क्षमता की जांच होती रहेगी।' डॉक्टर जैक्सन ने कहा कि 'मैं बेहद आभारी हूं कि जानलेवा हमले में उनकी जान बच गई और ये एक चमत्कार से कम नहीं है।'

# भारत दौरे पर आएंगे ब्रिटेन के नए विदेश मंत्री डेविड लैमी

**इंग्लैंड।** ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के मंगलवार को भारत आने वाले हैं। ऐसे में दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता बहाल होने की उम्मीद है। लेबर पार्टी की नवनिर्वाचित सरकार के तहत यह पहला उच्च-स्तरीय दौरा होगा। इस हफ्ते एफटीए वार्ता के नए मापदंड तय किए जाएंगे।

एफटीए वार्ता जनवरी 2022 में तत्कालीन कंजर्वेटिव सरकार के तहत शुरू हुई थी। इसका लक्ष्य प्रति वर्ष 38.1 अरब पाउंड की द्विपक्षीय व्यापार साझेदारी को बढ़ावा देना था। लेकिन दोनों देशों में आम चुनावों के चलते वार्ता के 14वें दौर में इसमें बाधा आ गई। रविवार को 'द डेली टेलीग्राफ' ने एक रिपोर्ट में नई दिल्ली के एक सूत्र के हवाले से कहा कि भारतीय पक्ष इस बात की स्पष्टता चाहेगा कि क्या नई लेबर सरकार वार्ता को वहीं से आगे बढ़ाना चाहती है, जहां उसे छोड़ दिया गया था या नए सिरे से शुरू करेगी। सूत्र ने अखबार को बताया कि भारत सकारात्मक तरीके से दोबारा बातचीत करना चाहता है लेकिन तारीख में स्पष्टता चाहता है। सूत्र ने कहा, व्यापार सौदा पिछली कंजर्वेटिव सरकार में अंतिम चरण में था। अब हम यह देखना चाहते हैं कि क्या लेबर सरकार वार्ता को वहां से शुरू करना चाहती है जहां मार्च में इसे छोड़ा गया था या नए सिरे शुरू करना चाहती है। पेशेवरों के लिए वीजा पर हमारा रुख नहीं बदला है। हम लेबर सरकार में सकारात्मक परिणाम की उम्मीद कर रहे हैं। ब्रिटेन के आम चुनाव से पहले लैमी ने लंदन में 'इंडिया ग्लोबल फोरम' को संबोधित करते हुए कहा था कि उनका इरादा इस समझौते को जल्द से जल्द पूरा करना है।



# नम आंखों से दी गई स्वर्गीय कांति देवी शर्मा को श्रद्धांजलि




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद शर्मा की माता कांति देवी शर्मा का 10 जुलाई को निधन हो गया था। रविवार को स्वर्गीय कांति देवी शर्मा की शोक सभा कविनगर के श्री संकट मोचन मंदिर में आयोजित की गई। शोक सभा में उपस्थित समाज के गणमान्य लोगों ने स्वर्गीय कांति देवी शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया और उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# जीडीए वीसी के साथ पदाधिकारियों ने किया वृहद वृक्षारोपण का आयोजन




## शासन की मंशा के अनुरूप पीपल, नीम, अर्जुन और जामुन के साथ लगाये फलदार पौधे

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के अन्तर्गत शहर को अधिक हरा-भरा एवं स्वच्छ बनाने के लिए पर्यावरण के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करने की दृष्टि से जन सहभागिता अभियान के अन्तर्गत सम्पूर्ण प्रदेश में शनिवार 20 जुलाई 2024 को एक दिवसीय वृक्षारोपण कार्यक्रम (एक पेड़ माँ के नाम) के अन्तर्गत गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा वृहद वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण एवं सचिव, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा पौधारोपण का शुभारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में शासन के लक्ष्य के सापेक्ष वृक्षारोपण प्राधिकरण एवं शहर में कार्यरत कार्यदायी संस्थाओं द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिसमें विभिन्न प्रजातियों यथा पीपल, नीम, अर्जुन, जामुन, गुलमोहर, अमलताश के साथ-साथ फलदार पौधे लगाये गये। इसके अतिरिक्त प्राधिकरण द्वारा मुधबन-बापूधाम, आदित्य वर्ल्ड सिटी, एन0एच0-24, गाजियाबाद व अन्य कार्य स्थलों पर वृक्षारोपण किया गया। उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा रोटरी क्लब के आमंत्रण पर आम जन-मानस को जोडने हेतु एवं स्कूली बच्चों में पर्यावरण/वृक्षों के प्रति उत्साह एवं लगाव जागृत करने के उददेश्य से रोटरी क्लब द्वारा जे0के0जी0 स्कूल, विजयनगर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर बच्चों को एक-एक पौधा प्राधिकरण की ओर से उपलब्ध कराते हुए स्वयं भी रोटरी क्लब के सदस्यों व स्कूल प्रबंधन कमेटी एवं शिक्षकों के साथ वृक्षारोपण किया गया तथा वन विभाग द्वारा आयोजित पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ-2024 कार्यक्रम में भी प्रतिभाग करते हुए ज़िला प्रशासन के साथ भी पोधारोपण किया गया।

# समाधान शक्ति सामाजिक संस्था ने कराया जी-20 पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** समाधान शक्ति सामाजिक संस्था द्वारा महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व मे जी-20 के विषय पर स्पीच प्रतियोगिता का आयोजन स्प्रिंगफील्ड पब्लिक स्कूल शालीमार गार्डन मे हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि दर्जा प्राप्त मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार कैप्टन विकास गुप्ता पूर्व एमएलसी विधायक सुरेश कश्यप, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, पार्षद ओमवती देवी, पार्षद राहुल शर्मा, अभय त्रिपाठी, विपुल अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्प्रिंगफील्ड पब्लिक स्कूल प्रिंसिपल निशा रैना संस्थापक सुनीता यादव राज्य मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता द्वारा पौधारोपण कर किया गया।

मंच का कुशल संचालन सुमन सती द्वारा किया गया। स्प्रिंगफील्ड पब्लिक स्कूल सेंट एंड्रयूज पब्लिक स्कूल नेशनल पब्लिक स्कूल पायस एकेडमी क्षेत्रीय बच्चों ने जी-20 के विषय पर बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी। कैप्टेन विकास गुप्ता ने बताया भारत ने 2023 में जी20 की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के नेतृत्व में की गई। इस दौरान भारत ने विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया, जिनमें आर्थिक स्थिरता, जलवायु परिवर्तन, और स्वास्थ्य शामिल हैं। भारत की अध्यक्षता में कई महत्वपूर्ण बैठकें और शिखर सम्मेलन आयोजित किए गए, जिनमें सदस्य देशों ने भाग लिया और वैश्विक चुनौतियों के समाधान पर चर्चा की।

तीनों जज जिसमें भावना शर्मा डॉ दिलीप ललित वर्मा द्वारा पायस अकादमी के कार्तिकेय को प्रथम पुरस्कार (3100/-) द्वितीय पुरस्कार नेशनल पब्लिक स्कूल आर्यन को (2100/-) तृतीय पुरस्कार निष्ठा (1100/-) ने जीता। विजेताओं को नकद पुरस्कार के साथ सर्टिफिकेट और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समाधान शक्ति सामाजिक संस्था के अध्यक्ष पप्पू पहलवान द्वारा बताया कि पढ़ाई में उत्तम बच्चों को समाधान शक्ति सामाजिक संस्था एवं हाईयूए इंस्टिट्यूट नोएडा मिलकर निशुल्क पढ़ाई का रहने का खाने का और उसके बाद उसको रोजगार देने का अवसर भी प्रदान करेगी। इस अवसर पर लेखराज छाबड़ी, प्रतीक माथुर, डी एन कौल, श्याम शर्मा, केके मिश्रा, भूषण लाल, प्रेम त्यागी, अकील भैया, मदन शर्मा, हरमीत बक्शी, धीरज शर्मा, अनिल शर्मा, केशव सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

# बीजेपी समर्पित व्यापारियों ने मेयर के खिलाफ क्यों किया धरना प्रदर्शन : अजय गुप्ता





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सरकार बीजेपी की, गाजियाबाद में हर जनप्रतिनिधि मेयर से लेकर संसद तक बीजेपी के, फिर भी किसी को बीजेपी समर्पित व्यापारियों का दर्द नहीं दिखाई दे रहा है और उन्हें अपने ही सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। इस प्रकरण को लेकर विपक्षी दल में सभी साईलेंट है। कोई जनप्रतिनिधि भी व्यापारियों के लिए बोलने को तैयार नहीं है। व्यापारी देश में रीड की हड्डी के समान होता है। सबसे ज्यादा कर व्यापारी देता है और हर चुनाव में जनप्रतिनिधि के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा होता है। गाजियाबाद की मेयर एवं जनप्रतिनिधियों को व्यापारियों का दुख समझकर उनकी समस्या का समाधान करना चाहिए जिससे व्यापारी अपनी पार्टी के खिलाफ भी बगावत न करें। इस समय ऑनलाइन व्यापार के आगे दुकानदार वैसे ही पीड़ित है। मेयर एवं सभी जनप्रतिनिधियों को व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए, जिससे विपक्षी दलों को हावी होने का मौका ना मिले।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मेरा दिल समाजवादी पार्टी के दो पूर्व अध्यक्षों से एक बात चाहता है पूछना? जब ये दोनों पार्टी की किसी गतिविधि में सक्रिय ही नहीं नजर आते हैं? तो क्यों नहीं कर देते हैं सामने आकर सन्यास की घोषणा? जब पार्टी का होगा सरकार वाला मयार, तब क्या ये दोनों सक्रियता का करायेंगे करार? हमारे राशिद भैया और संजय भैया से ये ही है चाहत? सुख में तो सब साथ नजर आते हैं, कम से कम दुख में तो नजर आ जाया करें कभी कभार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कांग्रेस में वैश्य कोटे में मजबूत माना जा रहा है एक विधानसभा प्रत्याशी सुशांत गोयल का चेहरा? सुना है उन्होंने इन दिनों डाला हुआ है हर मजबूत नेता के यहां पर डेरा? हमें अंदर से पता चली है बात? उन्होंने साइकिल भैया जी से भी कर ली है पूरे आधे घंटे की मुलाकात? हमें इस बात का भी हुआ है ज्ञान? जब गए थे वो भैया जी से मुलाकात करने तब बदल गया था भैया का प्लान? बावजूद इसके भैया ने फिर से किया सुशांत भैया को याद? जो भी हो अभी सबसे टेस्टी है गोयल साहब की दावेदारी का स्वाद?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर कर तो दें नामांकन पत्र लेने वाले पार्षदों पर कार्यवाही? मगर वो ऐसा नहीं करना चाहते हैं यार? क्योंकि यहां पर कार्यवाही सबसे पहले उस पार्षद पर करनी पड़ेगी? जिस पार्षद का बड़े वाले जनप्रतिनिधि के साथ है मजबूत वाले रिश्तों का करार? हमें पता है बड़े वाले जनप्रतिनिधि इस नाम के आते ही हो जायेंगे खामोश? इसलिए कमांडर नहीं करेंगे बाकी दोनों पार्षदों पर कार्यवाही? जब तक बड़े जनप्रतिनिधि मान नहीं लेते अपने प्रिय पार्षद का दोष?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग सोच समझकर देते हैं एक ही झटके में कई संदेश? यही वजह है कि उनका नजर आया पार्षद राजीव शर्मा के कार्यालय पर फेस? वो जानते हैं कि कभी मजबूत रहा है पार्षद जी का जनरली कहीं पर बेस? इस बेस पर गर्ग साहब ने बना लिया है अब अपने व्यवहार के चलते मजबूत कैम्प? यूं ही नहीं कहा जाता उन्हें राजनीति का चैम्प? इस मुलाकात को आप हल्के में मत लो यार? यहां पर एक तीर से हुए है कई शिकार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं चाहता हूं कि इस बार नामित वाले मामले में जरूर आये मीडिया वाले चौधरी का नाम? पार्टी के अलावा वो समाज की गतिविधियों का भी पहुंचाते हैं मीडिया वालों तक पैगाम? हम देख रहे हैं कि भगवा कमांडर ने जो की थी मीडिया वालों की तैयार फौज? उसमें चौधरी साहब को छोड़ कर बाकी चेहरे हो गये हैं खामोश? बावजूद इसके भगवा चौधरी रोज करते हैं पार्टी का शिद्दत से काम? इसलिए किसी को मिले ना मिले, इस चेहरे को मिलना चाहिए नामित वाला ईनाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको बता रहा हूं अंदर की बात? शहर विधानसभा उपचुनाव को लेकर दो वैश्य नेताओं का नाम काफी गंभीरता से चल रहा है साहब? वैश्य फैक्टर में मिस्टर अग्रवाल और मिस्टर गोयल के नाम को लेकर बन रही है एक सी राय? इनमें से कोई एक चेहरा चुनाव लड़ेगा अगर टिकट वैश्य कोटे में जाये? यहां पर इस कोटे में टॉप पर चल रहा है गोयल चेहरे का नाम? सबकुछ ठीक रहा तो मिल जायेगा इस बार टिकट वाला ईनाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब भगवा सरदार थे निगम के मैम्बर? तब वो मुद्दों को देते थे सदन में चिल्ला चिल्ला कर धार? मगर जब से हुए हैं वो सदन से दूर? तब से मजा नहीं आ रहा है यार? हमें थी उम्मीद कि परिवार के रवि भैया भी करेंगे सरदार जी जैसी सदन में तस्दीक? मगर वो रहते हैं हमेशा निगम की मीटिंगों में खामोश? सरदार जी को भरना चाहिए इस सौम्य चेहरे में भी जोश?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बजरंगी भैया मिस्टर डागर आजकल अलग अंदाज में कर रहे हैं अपना हिसाब चुकता? वो खुलकर अब कुछ भी नहीं कहते हैं? उन्होंने अपने समाज के विनय और हिमांशु भैया को बना लिया है अपना प्रवक्ता? सुना है जब भी फेसबुक पर शब्दों की चलती है ताकतवर लेडी के खिलाफ तकरार? तब यहां पर शब्द बजरंगी भैया के होते हैं और ये दोनों होते हैं महज हथियार? बड़ी सोची समझी रणनीति के तहत दिया जा रहा है गतिविधियों को अंजाम? आप तो जानते ही होंगे भगवागढ़ में किसका है बजरंगी भैया नाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैम्बर 100 नंबरी ने डाल दिये हैं अब कार्यकारिणी में जाने को लेकर अपने हथियार? सुना है उनका कोई खास उनके दिल की बात किसी से कह रहा था? पूर्वांचल वालों का महानगर में कुछ नहीं होगा, ऐसा संदेश दे रहा था? कह रहा था कि अब मैम्बर साहब मैम्बर ही बनकर सदन में काटेंगे अपना वक्त? उन्हें हो गया है ज्ञान, कितनी ही कोशिश कर लो नहीं आयेगा उनका नाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अगर मेरी बात बुरी लगे तो कर देना उसको एक झटके में खारिज? जो हमारे जनप्रतिनिधियों की लगातार परिक्रमा करता है, वो करते हैं बस उसी चेहरे की सिफारिश? मैं कार्यकारिणी के उम्मीदवारों को लेकर प्रकट कर रहा हूं इस बारे में अपनी राय? मैं पहले ही कह चुका हूं अगर मेरी बात बुरी लगे तो उसे खारिज कर दिया जाये? परिक्रमा के चक्कर में हो जाती है गैर परिक्रमा वालों से बाय-बाय?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद करंट क्राइम। खोड़ा मकनपुर नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष रीना भाटी कभी भी अपनो को नहीं भूलती। भाई के हैप्पी बर्थडे को बहन रीना भाटी ने अपने शब्दों में व्यक्त किया। विजय यादव के जन्मदिन पर रीना भाटी ने अपनी इस पोस्ट को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।